डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया




# आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक    संस्थापकः- श्री महेन्द्र अरोरा





वर्ष-11 अंक-32 | प्रयागराज, रविवार 07 अगस्त 2022 से शनिवार 13 अगस्त 2022 तक | पृष्ठ- 8 | मूल्यः 3 रूपये


सिनेमाः अतरंगी यारी' से 'ये दोस्ती हम नहीं...8)


## संक्षिप्त समाचार

### नीति आयोग की बैठक शुरू, पीएम मोदी कर रहे अध्यक्षता बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति

**नई दिल्ली।** स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा के क्रियान्वयन के साथ ही देश को तिलहन-दलहन के मामले में आत्मनिर्भर बनाने व शहरी प्रशासन के मामले पर विचार-विमर्श होगा।




नीति आयोग के शासकीय परिषद की सातवीं अहम बैठक रविवार को शुरू हो गई। राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में हो रही इस बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। बैठक में कई राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल हुए हैं। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा के क्रियान्वयन के साथ ही देश को तिलहन-दलहन के मामले में आत्मनिर्भर बनाने व शहरी प्रशासन के मामले पर विचार-विमर्श होगा। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने नीति आयोग की 7वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक का बहिष्कार किया। उनको छोड़कर सभी राज्यों के मुख्यमंत्री इस बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। केसीआर ने राज्यों के प्रति केंद्र की भेदभावपूर्ण प्रवृत्ति के खिलाफ उन्होंने यह कदम उठाया। इस संबंध में केसीआर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा। उन्होंने कहा कि मैं विरोध के रूप में दिल्ली में होने वाली नीति आयोग की 7वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक का हिस्सा नहीं बनूंगा। कोरोना महामारी के कारण नीति आयोग की फिजिकल बैठक का आयोजन नहीं हो पा रहा था। जुलाई, 2019 के बाद नीति आयोग की यह पहली भौतिक बैठक है।

## 45 मिनट तक बस का इंतजार करते रहे स्पाइसजेट के यात्री, रनवे पर चले पैदल


**नई दिल्ली।** मामला सामने आने के बाद विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पिछले



कुछ दिनों से विमानन सेवाओं में कोई न कोई गड़बड़ी का मामला साने आ रहा है। अब खबर है कि स्पाइसजेट के हैदराबाद से दिल्ली पहुंचे विमान से उतरे कई यात्री शनिवार रात रनवे पर पैदल ही चलने लगे। आरोप है कि एअरलाइन उन्हें टर्मिनल तक ले जाने के लिए करीब 45 मिनट तक कोई बस नहीं उपलब्ध कराई। उधर, मामला सामने आने के बाद विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने घटना की जांच शुरू कर दी है। बहरहाल, स्पाइसजेट ने कहा कि बसों के आने में थोड़ी देरी हुई, लेकिन उनके आने के बाद सभी यात्रियों को टर्मिनल भवन तक ले जाया गया। स्पाइसजेट ने कहा, कर्मचारियों के बार-बार अनुरोध करने के बावजूद कुछ यात्री टर्मिनल की ओर चलने लगे। वे कुछ मीटर ही चले होंगे कि तभी बसें आ गईं। इसके बाद उन्हें बसों से ले जाया गया। दरअसल, यात्रियों को दिल्ली हवाईअड्डे के रनवे क्षेत्र की सड़क पर चलने की अनुमति नहीं होती है क्योंकि इससे सुरक्षा खतरा पैदा हो सकता है। एअरलाइन इसलिए यात्रियों को विमान से टर्मिनल तक ले जाने या टर्मिनल से विमान तक लाने के लिए बसों का इस्तेमाल करती हैं।सूत्रों ने बताया कि स्पाइसजेट की हैदराबाद-दिल्ली उड़ान शनिवार रात करीब 11 बजकर 24 मिनट पर अपने गंतव्य पर पहुंचीं थी। उन्होंने कहा कि एक बस तुरंत आ गई और उसने कुछ यात्रियों को टर्मिनल 3 तीन पहुंचाया। सूत्रों ने कहा कि बाकी के यात्रियों ने करीब 45 मिनट तक इंतजार किया और जब उन्हें कोई बस आती हुई नहीं दिखी तो उन्होंने टर्मिनल की ओर पैदल चलना शुरू कर दिया, जो कि 1.5 किलोमीटर दूर था।

## देश का सबसे छोटा रॉकेट SSLV-D1 लॉन्च, लेकिन कक्षा में स्थापित किए गए सैटेलाइट्स हुए बेकार

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का पहला छोटा उपग्रह प्रक्षेपण यान अंतिम चरण में 'डाटा लॉस'का शिकार हो गया। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने जानकारी देते हुए




बताया कि कक्षा में स्थापित किए गए सैटेलाइट अब प्रयोग करने योग्य नहीं हैं। समस्या की यथोचित पहचान की गई है। विश्लेषण के लिए एक समिति गठित की गई है। इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने बताया है कि ने सभी चरणों में अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया और सैटेलाइट को कक्षा में भी पहुंचा दिया। लेकिन मिशन के अंतिम चरण में, कुछ डाटा की क्षति हो गई जिससे सैटेलाइट से संपर्क टूट गया। बता दें कि देश का सबसे छोटा रॉकेट है। 110 किलो वजनी तीन स्टेज का रॉकेट है जिसके सभी हिस्से सॉलिड स्टेज के हैं। इसे महज 72 घंटों में असेंबल किया जा सकता है। जबकि बाकी लॉन्च व्हीकल को करीब दो महीने लग जाते हैं। माइक्रो श्रेणी के 02 उपग्रह में इंफ्रारेड बैंड में चलने वाले और हाई स्पेशियल रेजोल्यूशन के साथ आने वाले आधुनिक ऑप्टिकल रिमोट सेंसिंग दिए गए हैं और इसका वजन 142 किलोग्राम है। 10 महीने के लिए अंतरिक्ष में काम करेगा। वहीं आजादी सैट आठ किलो का क्यूबसैट है, इसमें 50 ग्राम औसत वजन के 75 उपकरण हैं। इन्हें ग्रामीण भारत के सरकारी स्कूलों की छात्राओं ने आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर इसरो के वैज्ञानिकों की मदद से बनाया। वहीं स्पेस किड्स इंडिया के विद्यार्थियों की टीम ने धरती पर प्रणाली तैयार की जो उपग्रह से डाटा रिसीव करेगी। यह सैटेलाइट नई तकनीक से लैस है जो कि फॉरेस्ट्री, एग्रीकल्चर, जियोलॉजी और हाइड्रोलॉजी जैसे क्षेत्रों में काम करेगा। रॉकेट की लॉन्चिंग से छोटे सैटेलाइट्स के लोड से मुक्त हो जायेगा क्योंकि वह सारा काम अब एसएसएलवी करेगा। ऐसे में पीएसएलवी को बड़े मिशन के लिए तैयार किया जाएगा। भविष्य में बढ़ते स्माल सैटेलाइट मार्केट के लिए उपयोगी भविष्य में बढ़ते स्माल सैटेलाइट मार्केट और लॉन्चिंग को देखते हुए एएथ-31 कारगर साबित होने वाला है। इसकी लॉन्चिंग के बाद से विदेशों में भी इसकी मांग बढ़ जाएगी। एसएसएलवी अपने साथ 500 किलोग्राम वजनी पेलोड ले जाने में सक्षम है, जो कि 500 किलोमीटर की ऊंचाई की कक्षा में सैटेलाइट स्थापित करेगा। जबकि इसकी तुलना में पीएसएलवी 1750 वजनी पेलोड को सन सिंक्रोनस ऑर्बिट यानी 600 किलोमीटर ऊपर कक्षा में स्थापित कर सकता है।सस्ता और कम समय में तैयार होने वाला। 34 मीटर ऊंचे एसएसएलवी का व्यास 2 मीटर है, 2.8 मीटर व्यास का पीएसएलवी इससे 10 मीटर ऊंचा है। यह छोटे सैटेलाइट को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित करने में सक्षम होगा। एसएसएलवी की लॉन्चिंग से पावरफुल पीएसएलवी छोटे सेटेलाइट्स के लोड से मुक्त हो जायेगा। क्योंकि वह सारा काम अब ही करेगा।

## शादीशुदा औरतों को देता था फेमस होने के टिप्स, जाल में फंसी कॉलेज छात्रा और एक दिन लॉज में

**नई दिल्ली।** पुलिस ने बताया, आरोपी सोशल नेटवर्किंग साइट पर कॉलेज की छात्रा से मिला था। इसके बाद दोनों में दोस्ती हुई और वे दोनों रिलेशनशिप में आ गए। पीडि़ता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसे फोन किया और कार खरीदने के बहाने उसके साथ चलने को कहा। केरल पुलिस ने शनिवार को एक बाद दोनों में दोस्ती हुई और वे दोनों रिलेशनशिप में आ गए। पीडि़ता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसे फोन किया और कार खरीदने के बहाने उसके साथ चलने को कहा। छात्रा इसके लिए तैयार हो गई। रास्ते में कुछ देर सुस्ताने के लिए वे दोनों लॉज में गए, जहां आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद दोनों



सोशल मीडिया आर्टिस्ट को गिरफ्तार किया है। उस पर एक कॉलेज छात्रा से दुष्कर्म करने का आरोप है। आरोपी को शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया, जिसके बाद उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस ने बताया, घटना एक महीने पहले की है। आरोपी ने थंपनूर इलाके में एक लॉज में ले जाकर छात्रा के साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस निरीक्षक प्रकाश आर ने बताया, आरोपी कॉलेज की छात्रा से सोशल नेटवर्किंग साइट पर मिला था, जिसके बाद दोनों करीब आ गए थे। कार खरीदने के बहाने ले गया लॉज पुलिस ने बताया, आरोपी सोशल नेटवर्किंग साइट पर कॉलेज की छात्रा से मिला था। इसके साथ में कारण खरीदने के लिए रवाना हो गए। लॉज की घटना से परेशान छात्रा ने आरोपी के दोस्तों से उसके बारे में जानकारी ली। इसके बाद सामने आया कि आरोपी के कई महिलाओं के साथ रिश्ते हैं और वह भरोसेमंद व्यक्ति नहीं है। इसके बाद छात्रा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस को फोन में मिले कई वीडियो जांच के दौरान पुलिस को आरोपी के फोन में कई महिलाओं के आपत्तिजनक वीडियो मिले। अब पुलिस इस बात की जानकारी कर रही है कि कहीं इन वीडियो का इस्तेमाल अन्य महिलाओं को ब्लैकमेल करने के लिए तो नहीं किया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी का मोबइल फोन साइबर सेल को भेज दिया है।

## योगी सरकार के दो बड़े मंत्रियों पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार, जानें क्या है पूरा मामला

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार के दो बड़े मंत्री बुरी तरह से फंस गए हैं। ये मंत्री हैं राकेश सचान और संजय निषाद। दोनों पर अलग-अलग मामले में गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। संजय निषाद के खिलाफ गोरखपुर की सीजेएम कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। वहीं, राकेश सचान को 31 साल पुराने एक मामले में कोर्ट ने दोषी ठहराया है। आरोप ये भी है कि कोर्ट में सजा सुनाए जाने से पहले ही मंत्री भाग खड़े हुए। इस मामले में भी उनके खिलाफ कोर्ट की पेशकार ने एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस को तहरीर दी है। राकेश सचान इस वक्त योगी कैबिनेट में खादी ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा और वस्त्रोद्योग मंत्री हैं। शनिवार को मंत्री राकेश सचान को 31 साल पुराने अवैध असलहा रखने के एक मामले में कोर्ट ने दोषी ठहराया है। इसके बाद अपर मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट-3 कोर्ट राकेश सचान को सजा सुनाती, इससे पहले वह अपने वकील की मदद से सजा के आदेश की मूल प्रति लेकर फरार हो गए। अब कोर्ट की रीडर ने मंत्री पर एफआईआर के लिए कोतवाली में तहरीर दी है। मामला सामने आते ही समाजवादी पार्टी ने योगी सरकार पर हमला बोल दिया। समाजवादी पार्टी के नेता भूपेंद्र श्रीवास्तव पीयूष ने कहा है कि भाजपा सरकार के मंत्री अपराधी हैं। उन्होंने सीएम योगी से पूछा कि क्या वह अपने मंत्री के घर पर बुलडोजर चलवाने का काम करेंगे राकेश सचान कानपुर के रहने वाले हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक कॅरियर की शुरुआत समाजवादी पार्टी से की थी। घाटमपुर विधानसभा से वह 1993 और फिर 2002 में विधायक चुने गए। 2009 में उन्होंने फतेहपुर सीट से लोकसभा चुनाव जीता। 2022 विधानसभा चुनाव से पहले वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। इस वक्त वह कानपुर देहात की भोगनीपुर सीट से विधायक हैं। इसके अलावा योगी कैबिनेट में खादी ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा और वस्त्रोद्योग मंत्री हैं। राकेश सचान के बाद कैबिनेट मंत्री संजय निषाद भी कानूनी फेर में फंस गए हैं। गोरखपुर की सीजेएम कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। उन्हें गिरफ्तार कर 10 अगस्त तक कोर्ट में पेश करने के लिए दिए आदेश जारी हुआ है। ये मामला 2015 का है। निषाद आरक्षण आंदोलन के दौरान उग्र होने पर संजय निषाद और कुछ अन्य लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ था। संजय निषाद के ऊपर भीड़ को भड़काने का आरोप है। इसको देखते हुए अब अदालत ने गोरखपुर की सीजेएम कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। आरोप है कि 2015 में सरकारी नौकरियों में निषाद जाति को आरक्षण देने की मांग को लेकर सहजनवां थानाक्षेत्र के कसरवाल में आंदोलन चल रहा था। इस दौरान भीड़ हिंसक हो गई थी। इस आंदोलन में गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। आरोप लगा कि पुलिस की गोली से उसकी मौत हुई है। इसके बाद आंदोलन और उग्र हो गया था। आंदोलनकारियों ने पुलिस की कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया था। इस दौरान वहां मौजूद संजय निषाद पर भीड़ को भड़काने का आरोप लगा था।

## पांच साल की बच्ची को पीट पीटकर उतारा मौत के घाट, काला जादू के चक्कर में हुई हत्या


**नई दिल्ली।**आरोपियों ने समझा कि बच्ची पर बुरी आत्माओं का साया है। इसके दूर भगाने के लिए उन्होंने काला जादू करने की ठानी। उन्हें शुक्रवार देर रात बच्ची पर काला जादू करना शुरू किया और इसका वीडियो भी बनाया। महाराष्ट्र के नागपुर से काले जादू के चक्कर में एक पांच साल की को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने बताया, सुभाष नगर निवासी सिद्धार्थ चिमने यूट्यूब पर एक स्थानीय समाचार चैनल चलाता है। पिछले महीने वह अपनी पतनी और दोनों बेटियों के साथ तकलघाट स्थित एक दरगाह पर गया था। आरोपी का कहना है कि वह तभी से वह अपनी छोटी शुरू किया और इसका वीडियो भी बनाया। पुलिस को यह वीडियो आरोपी के मोबाइल से मिला है। सवालों का जवाब नहीं दे पा रही थी बच्ची पुलिस ने बताया, वीडियो में बच्ची का पिता, मां और चाची उससे कुछ सवाल करते हुए दिख रहे हैं। बच्ची सवालों को नहीं समझ पा रही है, जिस पर वे उसे



बच्ची को पीट-पीटकर मार देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया, घटना शुक्रवार-शनिवार रात की है। बच्ची की हत्या, उसके ही माता-पिता और चाची ने की। इसका वीडियो भी बनाया। इसके बाद पुलिस ने बच्ची के पिता सिद्धार्थ चिमने (45),मां रंजना (42) और चाची प्रिया बंसोड़ (32) बच्ची के व्यवहार में बदलाव महसूस कर रहा था। बच्ची को सही करने के लिए किया काला जादू पुलिस ने बताया, आरोपियों ने समझा कि बच्ची पर बुरी आत्माओं का साया है। इसे दूर भगाने के लिए उन्होंने काला जादू करने की ठानी। उन्होंने शुक्रवार देर रात बच्ची पर काला जादू करना पीटते हैं। मार खाने के कारण बच्ची बेहोश हो जाती है। इसके बाद आरोपी शनिवार सुबह बच्ची को एक दरगाह पर ले गए। बाद में, वे उसे सरकारी अस्पताल ले गए और वहां से भाग गए। सुरक्षाकमिर्यों को इस पर शक हुआ, जिसके पास उन्होंने पुलिस को सूचना देकर आरोपियों को पकड़वाया।

## गुजरात में दिल्ली और पंजाब से भी बड़े वादे, केजरीवाल बोले- 10 लाख सरकारी नौकरियां तैयार करेंगे

**नई दिल्ली।** केजरीवाल ने कहा कि जैसे दिल्ली में रोजगार दिए वैसे ही बेरोजगारी भत्ता देंगे। 10 लाख सरकारी नौकरियां तैयार करेंगे। हैं। 1 सितंबर तक 26 लाख और परिवारों के बिल जीरो आएंगे। दिल्ली ने कहा कि गुजरात में भाजपा के सर्वे में आप की लोकप्रियता देखी




गुजरात के हर बेरोजगार युवा को रोजगार देंगे, जब तक रोजगार नहीं मिल जाता तब तक हर महीने 3,000 रुपये बेरोजगारी भत्ता देंगे। गुजरात में विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल आज वडोदरा पहुंचे। यहां उन्होंने एक सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान केजरीवाल ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कई बड़े वादे किए। केजरीवाल ने कहा कि जैसे दिल्ली में रोजगार दिए वैसे ही गुजरात के हर बेरोजगार युवा को रोजगार देंगे, जब तक रोजगार नहीं मिल जाता तब तक हर महीने 3,000 रुपये पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून बनाएंगे। केजरीवाल ने कहा कि पंजाब में पिछले हफ्ते 25 लाख परिवारों के बिजली बिल जीरो आए में कई साल से बिल जीरो आ रहे हैं। गुजरात में भी अगर हमें मौका मिलेगा तो यहां भी बिजली के बिल जीरो आएंगे। अरविंद केजरीवाल गई है। भाजपा ने लोगों से पूछा कि मुफ्त शिक्षा,स्वास्थ्य, बिजली मिलनी चाहिए? तो 99 फीसदी लोगों ने कहा कि मुफ्त शिक्षा मिलनी चाहिए। 97 फीसदी ने कहा कि मुफ्त इलाज मिलना चाहिए। 91 फीसदी लोगों ने कहा कि मुफ्त बिजली मिलनी चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि गुजरात में कांग्रेस का विलय गुजरात भाजपा में होने जा रहा है। गुजरात का चुनाव आप और भाजपा के बीच होगा। भाजपा-कांग्रेस का छ्ळ-छ्ळ खत्म होगा। एक तरफ भाजपा के 27 साल का कुशासन तो दूसरी तरफ झ् की नई राजनीति है। भाजपा ने दोस्तों के 10 लाख करोड़ रुपये माफ कर दिए हैं। इसकी जांच हो- जिनके झ्= माफ हुए है उन्होंने भाजपा को कितना चंदा दिया।




# आशुतोष सिन्हा के जन्म दिन उनके समर्थकों ने वृद्धा आश्रम में केक काटकर मनाया

**सैदपुर।** सैदपुर विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा के जन्म दिन उनके समर्थकों ने लंगड़पुर स्थित



वृद्धा आश्रम में केक काटकर मनाया तथा इस अवसर पर उनके समर्थकों ने दीर्घायु होंने की तथा निरन्तर प्रगति करने की कामना किया। इस अवसर पर छावनी लाइन लंगड़पुर स्थित वृद्धा आश्रम में वृद्धजनों को मिष्ठान एवं फल वितरित किया गया। समर्थकों ने एक दूसरे को केक खिलाकर बधाई भी दी।इस अवसर पर मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला उपाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव,परमानन्द श्रीवास्तव, चित्रगुप्त कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष संदीप श्रीवास्तव, संदीप राय, अरविंद सिन्हा,संजय श्रीवास्तव,पवन श्रीवास्तव,अनुराग श्रीवास्तव, मुनन लाल,अनुज राय,गोलू राय,आशीष राय,सौरभ राय,नूर आलम,मनीष यादव,विशाल, अप्पू यादव आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर इस कार्यक्रम के संयोजक एवं विधान परिषद सदस्य माननीय आशुतोष सिन्हा जी के प्रतिनिधि पप्पू लाल श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पंचक्रोशी क्षेत्र में मांस-मदिरा की बिक्री रोकने की मांग, सीएम को सौंपेंगे सहमति पत्र

**वाराणसी।** पवित्र काशी अभियान के तहत पंचक्रोशी क्षेत्र में मांस और मदिरा की बिक्री प्रतिबंधित करने की मांग है। इसके लिए काशी के सभी समाज



के प्रतिनिधियों से समर्थन पत्र एकत्रित किया जाएगा। भगवान शिव की नगरी काशी में मांस मदिरा के खिलाफ पवित्र काशी अभियान का आगाज रविवार को दशाश्वमेध घाट पर गंगा पूजन के साथ हो गया। शास्त्रीय विधि से पूजन-अर्चन के बाद वहां मौजूद अतिथियों से अभियान से ऑनलाइन समर्थन पत्र भरवाया गया। पवित्र काशी अभियान के तहत पंचक्रोशी क्षेत्र में मांस और मदिरा की बिक्री प्रतिबंधित करने की मांग है। इसके लिए काशी के सभी समाज के प्रतिनिधियों से समर्थन पत्र एकत्रित किया जाएगा। करीब 50 हजार ऑनलाइन समर्थन पत्र भरवाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा जाएगा। सामाजिक संस्था आगमन और ब्रह्म सेना ने यह अभियान चलाया है। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा की आगमन संस्था एवं ब्रह्म सेना द्वारा आरंभ किए गए अभियान का हम पूर्ण रूप से समर्थन करते हैं। पूरा संत समाज इस अभियान को गति देते हुए काशी को मांस, मदिरा से मुक्त करने का काम करेगा। पं. किशोरी रमण दुबे बाबू महाराज ने मांस और मदिरा को स्वस्थ समाज के लिए सही बताया। आगमन की अध्यक्ष रूचि दीक्षित ने कहा कि संस्था का यह अभियान आज की आवश्यकता है। जिसे देर से ही सही सरकार को संज्ञान में लेते हुए इस मुद्दे पर निणय्य लेना चाहिए। ब्रह्म सेना अध्यक्ष डाक्टर गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने कहा की जब हरिद्वार, मथुरा जैसे तीर्थ स्थलों पर मांस, मदिरा प्रतिबंधित है तो फिर मोक्ष नगरी काशी में क्यों नहीं। इस दौरान अनन्पूर्णा मंदिर के महंथ शंकर पुरी , ज्योतिषाचार्य प्रो. चंद्रमौली उपाध्याय समेत कई लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस सांसद कार्ति चिंदबरम ने कालभैरव दरबार में टेका मत्था, बोले- ईडी से डरने वाले नहीं

**वाराणसी।** वाराणसी दौरे पर पहुंचे कांग्रेस सांसद कार्ति चिंदबरम ने रविवार सुबह बाबा कालभैरव मंदिर में हाजिरी लगाई। एक सवाल में जवाब में उन्होंने बस इतना ही कहा कि वो ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) से डरने वाले नहीं है। वाराणसी दौरे



पर पहुंचे पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी. चिदंबरम के बेटे और शिवगंगा से सांसद कार्ति चिदंबरम ने रविवार सुबह बाबा कालभैरव मंदिर में हाजिरी लगाई। वो करीब 15 मिनट तक मंदिर में रहे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पुजारी ने प्रसाद स्वरूप इलाइची दाना और गुलाब का फूल भेंट किया। वो काशी विश्वनाथ धाम और संकटमोचन मंदिर भी जाएंग कालभैरव मंदिर से बाहर निकलने के बाद मीडिया से कार्ति चिंदबरम दूरी बनाई रखी। इस दौरान एक सवाल में जवाब में उन्होंने बस इतना ही कहा कि वो ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) से डरने वाले नहीं है। कांग्रेस सांसद ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग केस से जुड़े एक सवाल यह टिप्पणी की। इससे पहले शनिवार शाम भी मीडिया से बातचीत के क्रम में उन्होंने नेशनल हेराल्ड केस में ईडी की कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा था। कार्ति ने आरोप लगाया था कि केंद्र की भाजपा सरकार ने अपने फायदे के लिए ईडी और सीबीआई जैसे एजेंसियों को हथियार बना लिया है। महंगाई, बेरोजगारी, जीएसटी आदि को लेकर सवाल पूछे। कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम शनिवार दोपहर शाम वाराणसी पहुंचे थे। उन्होंने शुरु आर्ट संस्था की ओर से लंका स्थित कला दीर्घा में कोपल प्रदर्शनी का उद्घाटन किया था। इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि महिला सशक्तिकरण पर आधारित चित्रकारी रुढ़िवादी विचारधाराओं को तोड़ते हुए पितृ सत्ता समाज में पुरुषों को सोचने पर विवश करती है।

# मोहर्रम के मद्देनजर 20 जोनल एवं 76 सेक्टर अधिकारियों को किया तैनात

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने दिनांक 31 जुलाई 2022 से प्रारम्भ होकर दिनांक 09 अगस्त 2022 को मनाये जाने वाले मोहर्रम के अवसर पर शांति व्यवस्था एवं परिशांति परिपालित करने तथा साम्प्रदायिक सद्भाव एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से स्थलवार 20 जोनल एवं 76 सेक्टर अधिकारियों को तैनात कर दिया है। इसके अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के रूप में अपर उपजिलाधिकारी (प्रथम), अपर उपजिलाधिकारी (द्वितीय) तथा पुलिस अधिकारी के रूप में पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर व पुलिस उपाधीक्षक (परि0) को तैनात किया गया है। उन्होने जोनल एवं सेक्टर अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पुराने धार्मिक एवं साम्प्रदायिक प्रकरणों व नये विवादों, अपरम्परागत धार्मिक जुलूसों एवं कार्यक्रमों, गोवंश वध/परिवहन आदि घटनाओं को लोकर साम्प्रदायिक सद्भाव प्रभावित होने व मोहर्रम के अवसर पर निहित/स्वार्थी तत्वों द्वारा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली घटनायें किये जाने की शक्यता के दृष्टिगत विशेष सक्रियता अपेक्षित है। जुलूसों के आयोजनकर्ताओं द्वारा सम्बन्धित अधिकारी से अनुज्ञप्ति प्राप्त किया जायेगा। आवेदक की पहचान, उसकी उम्र, आधार कार्ड, फोटोग्राफ आदि के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। गैर परम्परागत/गैर लाइसेन्सी कोई भी आयोजन/जुलूस/कार्यक्रम नहीं होगें। विगत वर्षो व इस वर्ष जिन जिन स्थानों पर किसी प्रकार का विवाद परिलक्षित हो उसको पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी ससमय सुलझाते हुये क्षेत्र की प्रत्येक छोटी से छोटी घटना को गम्भीरता से लिया जाय व तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण करें एवं विवाद को हल करने तथा साम्प्रदायिक संवेदनशीलता को समाप्त करने हेतु कड़े एवं प्रभावी उपाय सुनिश्चित किये जाय। असामाजिक तत्वों एवं अफवाह फैलाने वालों पर विशेष ध्यान दिया जाये। जुलूसों/कार्यक्रमों के दौरान लोक व्यवस्था के प्रतिकूल, आपत्तिजनक तथा अवैधानिक गतिविधियों न होने पाये। मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का पालन सख्ती से किया जाये तथा यह सुनिश्चित किया जाये यातायात कदापि न बाधित होने पाये। किसी भी धार्मिक कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक स्थल पर किसी भी दशा में अवैधानिक अस्त्र/शस्त्र का प्रदर्शन न हो, अवैध अस्त्र/शस्त्र लेकर चलने वालों के विरूद्ध कड़ी विधिक कार्यवाही की जाये। समस्त उपजिला मजिस्ट्रेट अपने काउण्टर पार्ट पुलिस क्षेत्राधिकारी के साथ अपनी तहसील से सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों से समन्वय कर तहसील क्षेत्रान्तर्गत संवेदनशील, अति संवेदनशील स्थलों पर अपने स्तर से राजस्व, पुलिस एवं विकास के ग्राम स्तरीय कमिर्यों की ड्यूटी लगायें। किसी प्रकार की संवेदनशीलता, तनाव व असहज स्थिति की शक्यता पर तत्काल जिलाधिकारी/पुलिस अधीक्षक एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को सूचित करेगें। अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0/रा0)/अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) पूर्वी सर्किल में एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट (भू0रा0)/अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) पश्चिमी सर्किल ओवर आल इंचार्ज के रूप में विधि व्यवस्था संधारित करायेंगे।

# शहीद स्मारकों पर पुलिस/पीएसी द्वारा बजाया जाएगा बौण्ड राष्ट्रभक्ति गीतों का होगा वादन

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत जनपद में हर घर तिरंगा आयोजन को जनपद में भव्य रूप से मनाये जाने हेतु दिनांक 11 अगस्त से 17 अगस्त तक कार्यक्रमों की रूपरेखा को जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि दिनांक 11 अगस्त को समस्त सरकारी गैर सरकारी विद्यालयों में झण्डा गीत का सस्वर गायन, विद्यालयों में स्लोगन लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता, आजादी के नायकों पर आधारित एकल अभिनय प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। नागरिक संगठनों-उद्योग व्यापार मण्डल, नागरिक सुरक्षा संगठन आदि के स्वयंसेवकों एवं एनसीसी/एनएसएस की प्रभातफेरी/तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।दिनांक 12 अगस्त को समस्त सरकारी गैर सरकारी विद्यालयों में झण्डा गीत का सस्वर गायन किया जायेगा। पुलिस/पीएसी/होमगार्ड कमिर्यों का जनपद में मार्च पास्ट (तिरंगा यात्रा के साथ) किया जायेगा। समस्त कृषि विज्ञान केन्द्रों में कृषक सम्मेलन जिनमें 75 प्रगतिशील कृषकों को सम्मान पत्र, पौधे एवं तिरंगा भेट किया जायेगा। देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जायेगें। दिनांक 13 अगस्त को छात्र/छात्राओं का स्कूल यूनिफार्म में झण्डागीत गाते हुये प्रभातफेरी का आयोजन किया जायेगा तथा प्रत्येक विकास खण्ड में पीआरडी जवानों द्वारा अपने गणवेश में तिरंगा साइकिल यात्रा निकाली जायेगी। समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों द्वारा सस्वर राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का आयोजन, बच्चों हेतु विशेष भोजन की व्यवस्था तथा विद्यालयों में राष्ट्रभक्ति से सम्बन्धित फिल्मों का प्रदर्शन किया जायेगा। सरकारी विश्वविद्यालयों/सरकारी एवं सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के विद्याथिर्यों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम-आजादी के तराने का आयोजन किया जायेगा।दिनांक 14 अगस्त को छात्र/छात्राओं का राष्ट्र नायकों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों की वेशभूषा में प्रभातफेरी, युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दल के सदस्यों के द्वारा अमृत मैराथन का आयोजन, मण्डी समिति में पल्लेदारों को व्यवसायिक संगठनों के माध्यम से सम्मानित करना एवं मिष्ठान वितरण, शिक्षण संस्थानों में स्वतंत्रता के नायक विषयक चित्रकला प्रतियोगिता एवं स्वतंत्रता की यात्रा विषयक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन, निजी विश्वविद्यालयों/गैर सहायता प्राप्त अशासकीय शिक्षण संस्थानों के विद्याथिर्यों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम-आजादी के तराने का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार दिनांक 15 अगस्त को विद्याथिर्यों एवं खिलाड़ियों की अपने-अपने खेल से सम्बन्धित वेशभूषा में तिरंगा प्रभातफेरी, शिक्षण संस्थानों में मेरा जनपद मेरी धरोहर विषयक फोटोग्राफी प्रतियोगिता, समस्त ग्राम पंचायतों फलदार पौधों का रोपड़ एवं एक शाम आजादी के नाम (सांस्कृतिक कार्यक्रम) का आयोजन किया जायेगा।दिनांक 16 अगस्त को ब्रासबैण्ड वादकों की राष्ट्रगीतों की धुनों का वादन करते हुये प्रभातफेरी (नागरिक संगठनों के सहयोग से) निकाली जायेगी। अमृत सरोवरों पर संगोष्ठियों का आयोजन, विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों के विद्याथिर्यों का बाल एवं युवा कवि सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा दिनांक 17 अगस्त को समाज के विभिन्न व्यवसायों यथा डाक्टर, नर्स, व्यवसायिक, कृषक, आशा बहुएं, अधिवक्ता, शिक्षक, स्वच्छाग्रही आदि की अपने-अपने व्यवसाय का प्रतिनिधित्व करने वाली वेशभूषा में ''हम सब एक है'' प्रभातफेरी का आयोजन किया जायेगा। स्वतंत्रता आन्दोलन से सम्बन्धित पुस्तकों का विमोचन/परिचर्चा, जनपद के ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों/घटनाओं पर परिचर्चा की जायेगी। राष्ट्रभक्ति पर आधारित कवि सम्मेलन/मुशायरा का आयोजन,आंचलिक बोलियों-अवधी, भोजपुरी, ब्रज, बुंदेली, खड़ी बोली आदि का कवि सम्मेलन किया जायेगा।उन्होंने यह भी बताया कि दिनांक 11 अगस्त से 17 अगस्त तक प्रतिदिन सायंकाल में शहीद स्मारकों स्थलों पर पुलिस/पीएसी बैण्ड द्वारा राष्ट्रभक्ति के गीतों का वादन किया जायेगा।

# डीएम-एसपी ने छात्र-छात्राओं को दिया तिरंगा

(आधुनिक समाचार सेवा)
शुभम मोदनवाल

**गाजीपुर।** सेवराई परिसर में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, पुलिस अधीक्षक रोहन पी बोत्रे, मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रकाश गुप्ता एवं पूर्व विधायक सुनिता सिंह ने आमजनमानस एवं अधिवक्ताओं को हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत तिरंगा झण्डा वितरण किया। इस दौरान उन्होंने 13 से 15 अगस्त, 2022 तक हर घर में तिरंगा फहराने की अपील की। तत्पश्चात् जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मॉ कामाख्या विद्यापीठ इण्टर कालेज गहमर में उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं को तिरंगा वितरण कर अपील की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीप्रकाश गुप्ता, डी0एफ0ओ0, उपजिलाधिकारी सेवराई, तहसीलदार सेवराई एवं समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बनारस में मिसाल बन रही इन लोगों की दोस्ती, खुशी हो या गम हमेशा रहते साथ

**वाराणसी।** सोशल मीडिया पर रोज दोस्त बनते हैं, लेकिन सच्ची मित्रता निभाना आसान नहीं होता। आज फ्रेंडशिप डे है। ऐसे में कुछ लोगों से बात कर जानी मित्रता की अहमियत। कैसे दो लोग एक दूसरे की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। दोस्ती एक ऐसा रिश्ता है जो कई बार खून के रिश्तों से भी अधिक गहरा हो जाता है। तुलसीदास ने मित्रता की पहचान 'आपदा काल' में होने की बात कही है। आज सोशल मीडिया पर रोज दोस्त बनते हैं, लेकिन सच्ची मित्रता निभाना आसान नहीं होता।








आज फ्रेंडशिप डे है। कुछ लोगों से बात कर जानी मित्रता की अहमियत। कैसे दो लोग एक दूसरे की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। गर्दिश के दिनों में परवान चढ़ी दोस्ती न्यू कॉलोनी ककरमत्ता निवासी ओम प्रकाश श्रीवास्तव व शिवाजी नगर कॉलोनी महमूरगंज निवासी पनन लाल मौर्या की दोस्ती नौकरी के दौरान हुई। पिछले साल 11 नवंबर को दोस्ती के 50 साल पूरे होने का जश्न भी मनाया था। पनन ने बताया कि मकान बनवाते समय छुट्टी नहीं मिल रही थी। ऐसे में ओम ने खड़े होकर मकान बनवाया और आर्थिक मदद भी की। नौकरी के दौरान भी बहुत लेनदेन हुई, लेकिन कभी हिसाब नहीं रखा गया। घर में शादी होने पर भी एक दूसरे की मदद के लिए खड़े रहते थे। उत्तर प्रदेश पुलिस में डीएसपी राजीव द्विवेदी और इंजीनियरिंग कॉलेज के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. राजेश कुमार श्रीवास्तव की मुलाकात 1992 में बीएचयू में सनतक के दौरान हुई। इंटरैक्ट क्लब से जुड़ने पर दोनों की दोस्ती परवान चढ़ी। दोनों ने साथ ही एनसीसी की एयर विंग ज्वाइन की। साथ ही सी सर्टिफिकेट प्राप्त किया। दोस्ती बढ़ी तो पारिवारिक जुड़ाव इस कदर हो गया कि सुख-दुख में साथ खड़े रहते हैं। 2001 में राजीव की मां को लकवा मार गया था। उस समय राजीव पुणे में थे। ऐसे में राजेश ने इलाज, जांच से लेकर पूरी सेवा की। कंदवा निवासी सनी वर्मा व बीएलडब्ल्यू निवासी प्रशांत की दोस्ती ग्यारहवीं में हुई थी। 2021 में जब कोरोना अपने चरम पर था उस समय प्रशांत की तबीयत खराब हो गई। सनी ने एक सेकेंड के लिए भी जान की परवाह नहीं की। माता-पिता के मना करने के बावजूद दोस्त के घर मदद करने पहुंच गया। कोरोना के कारण अस्पताल में चिकित्सक उसे देखने को तैयार नहीं थे। किसी तरह उसका इलाज शुरू हुआ तो पता चला कि प्रशांत को डेंगू है और उसकी स्थिति काफी गंभीर है। लगातार दवाइयों और सेवा की बदौलत सनी अपने दोस्त को मौत के मुंह से बाहर लेकर आए। इस बुरे वक्त में दोनों दोस्तों को दोस्ती के असली मायने समझ आए।

# जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की, अधिकारियों को किया सचेत

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में शासन की विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं 50 लाख रूपये से अधिक लागत की परियोजनाओं एवं कार्यो की प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी जिसमें मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया सहित जिला स्तरीय अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया ठेकेदार से खनन रायल्टी जमा कराने के पश्चात् उसकी सूचना खनन विभाग को भी अनिवार्य रूप से प्रेषित की जाये। उन्होने खनन निरीक्षक को निर्देश दिया कि जिन विभागों द्वारा रायल्टी कटौती कर सूचना नही दी जा रही है उनकी सूची अगली बैठक में प्रस्तुत करें। जीएसटी की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने सभी कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया कि जीएसटी के अन्तर्गत आहरण वितरण अधिकारी अपने विभाग का पंजीकरण प्राप्त करें तथा ढाई लाख के ऊपर किसी भी अनुबन्ध का भुगतान करते समय 2 प्रतिशत जीएसटी काटकर अपने टैन नम्बर पर जमा करायें। कटौती की गयी धनराशि को जमा कराया जाना आहरण वितरण अधिकारी का व्यक्तिगत दायित्व है इसलिये इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। वृक्षारोपण की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने डीसी मनरेगा,सी0एम0ओ0मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जिन स्थलों पर वृक्षारोपण कराया गया है तत्काल उसकी जियो टैगिंग करा लें। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि 63 विद्यालयों के ऊपर विद्युत तार अभी लगे हुये जिन्हें हटाया नही गया है जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से सूची प्राप्त कर अविलम्ब विद्युत तारों को हटाना सुनिश्चित करें। सहकारिता विभाग की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने एआर को-आपरेटिव को निर्देशित किया कि कायाकल्प योजना के अन्तर्गत जिन समितियों पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है ब्लाकवार उसकी सूची उपलब्ध करायें तथा निर्माण कार्यो में किसी भी तरह की अनियमितता या गुणवत्ता में कमी किये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करें। स्वास्थ्य विभाग में सीएचसी/पीएचसी, ड्रग वेयर हाउस के प्रगति की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जिस प्रभारी अधिकारी सीएचसी के क्षेत्र में निर्माण कार्य चल रहा है उनको नोडल बनाकर पाक्षिक रूप से उसकी रिपोर्ट प्राप्त की जाये तथा उसकी प्रगति की समीक्षा करते हुये अवगत करायें ताकि निर्माण कार्यो को ससमय पूर्ण किया जा सके। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि प्रायः निरीक्षण के समय पाया जाता है कि कार्यदायी संस्थाओं के अभियन्ता मौके पर नियमित रूप से उपस्थित रहकर गुणवत्ता का निरीक्षण नही करते है जिसके कारण कार्यो में विलम्ब एवं गुणवत्ता प्रभावित होती है। जिलाधिकारी ने सचेत किया कि यदि कार्यदायी संस्था के अभियन्ता कार्यस्थल/प्रोजेक्ट पर उपस्थित नही पाये जायेगें तो उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जायेगा। आईजीआरएस के असन्तोषजनक फीड प्राप्त की समीक्षा करते हुये वन विभाग, दिव्यांग विभाग, श्रम विभाग, कृषि विभाग, खादी ग्रामोद्योग, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, प्रोबेशन विभाग से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण के फीडबैक 50 प्रतिशत से अधिक असन्तोषजनक पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नारजागी व्यक्त की तथा सचेत किया कि शिकायतों के निस्तारण के पूर्व अधिकारी स्वयं उसका परीक्षण कर लें और शिकायतकर्ता से सभी सम्पर्क कर लें ताकि बार-बार असन्तोषजनक फीडबैक न प्राप्त हो। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, सामुदायिक शौचालय, बाल विकास एवं पुष्टाहार, कायाकल्प योजना, बेसिक शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बेसहारा/निराश्रित गोवंश, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, पेंशन योजना, शादी अनुदान, छात्रवृत्ति, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम, मनरेगा, अमृत सरोवर निर्माण आदि योजनाओं के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने रूपये 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं की समीक्षा की और निर्देशित किया कि परियोजनाओं का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाये। जिलाधिकारी ने समिति के सदस्यों को निर्देश दिया कि परियोजनाओं की गम्भीरता से जांच की जाये, जांच का कार्य कार्यदायी संस्था की उपस्थिति में उनके द्वारा बनाये गये डीपीआर के आधार पर किया जाये, यदि आवश्यकता पड़े तो सैम्पलिंग भी कराया जाये। प्रधानमंत्री त्वरित आर्थिक विकास कार्यक्रम की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने इस योजनान्तर्गत कार्य कर रही कार्यदायी संस्थाओं को समय से एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। अन्त में जिलाधिकारी ने समस्त सम्बान्धित जनपद स्तरीय अधिकारियों व कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि जनपद स्तरीय अधिकारी अपने विभाग द्वारा निर्माणाधीन परियोजनाओं/कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का नियमित अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें। निर्माणपरक कार्यो में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाये। यदि किसी भी स्तर पर गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पायी जाती है तो सम्बन्धित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित कर उनके विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। सभी परियोजनाओं का कार्य शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत गुणवत्ता सहित पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 गिरेन्द्र मोहन शुक्ल, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश सिंह, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# वाराणसी में आज और कल कई मार्गी पर नहीं चलेंगे वाहन, घर छोड़ने से पहले देख लें डायवर्जन

**वाराणसी।** सावन माह के चौथे सोमवार को देखते हुए श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर और गंगा घाटों की ओर से डायवर्जन शनिवार की रात से लागू है। सावन के अंतिम सोमवार पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए वाराणसी शहर में ट्रैफिक डायवर्जन है। ऐसे में आज और सोमवार को घर से निकलने से पहले डायवर्जन एक बार जरूर देख लें। गोदौलिया, मैदागिन, गिरजाघर की ओर नो व्हीकल जोन है। सिर्फ पैदल ही आवाजाही कर सकेंगे। ट्रैफिक डायवर्जन मंगलवार की सुबह आठ बजे तक प्रभावी रहेगा। गैर जनपदों से आने वाले वाहनों को बाहर की रोक दिया जाएगा। एडीसीपी ट्रैफिक डीके पुरी के अनुसार मैदागिन, गोदौलिया, सोनारपुरा चौराहा, गुरुबाग, रामापुरा, बेनिया तिराहा, रवींद्रपुरी स्थित ब्राडवे होटल तिराहा,



सोनारपुरा, गोदौलिया और भेलूपुर चौराहा से रामापुरा चौराहा तक नो व्हीकल जोन रहेगा। सिर्फ पैदल ही लोग आवाजाही कर सकेंगे। उधर, प्रयागराज-वाराणसी मार्ग पर कछवा रोड, राजातालाब, मोहनसराय, रोहनिया, मड़ौली तिराहा, मंडुवाडीह चौराहा, महमूरगंज फ्लाई ओवर से आकाशवाणी तिराहा, रथयात्रा, गुरुबाग, लक्सा तक एक लेन सिर्फ कांवरियों के लिए रिजर्व रहेगा। साथ ही कांवरियों के वाहन भी लक्सा के आगे नहीं जा सकेंगे मैदागिन से आगे केवल पैदल जाने की अनुमति जौनपुर से आने वाले श्रद्धालुओं को बाबतपुर, तरना, गिलट बाजार, भोजूबीर तिराहा, दैत्रावीर, वरुणा ब्रिज, अंधरापुल चौराहा, तेलियाबाग तिराहा, लहुराबीर चौराहा, कबीरचौरा, मैदागिन चौराहा तक और इसके आगे सिर्फ पैदल जा सकेंगे। आजमगढ़ से आने वाले चोलापुर, लालपुर पुलिस चौकी, पांडेयपुर चौराहा, हुकुलगंज, ताड़ीखाना तिराहा, चौकाघाट चौराहा से तेलियाबाग, जगतगंज, लहुराबीर, कबीरचौरा, मैदागिन चौराहा तक आएंगे। इसके बाद पैदल यात्रा कर सकेंगे। गाजीपुर-आशापुर मार्ग आशापुर चौराहा, कज्जाकपुरा, भदऊचुंगी, मच्छोदरी कोतवाली, मैदागिन चौराहा तक आएंगे। इसके बाद पैदल ही आगे जा सकेंगे।

# खिली धूप के साथ बनारस में दिन की शुरुआत

**वाराणसी।** पिछले सप्ताह हुई बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दी थी। वहीं अब धूप-छांव के खेल से उमस बढ़ने से लोगों को परेशानी



का सामना करना पड़ रहा है। वाराणसी समेत पूर्वांचल के जिलों में मौसम में एक बार फिर बदलाव के कारण उमस का सामना करना पड़ रहा है। सावन के महीने में भी पूर्वांचल में अच्छी बारिश नहीं हो रही है। जुलाई के महीने में भी कम ही बारिश हुई है। वाराणसी में रविवार सुबह की शुरुआत तेज धूप के साथ हुई है। सुबह नौ बजे तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रहा। इससे पहले शनिवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस रहा। आज तापमान में बढोत्तरी हो सकती है। तीन-चार दिन पहले हुई बारिश से भले ही कुछ देर के लिए राहत मिली लेकिन अब लोग गर्मी व उमस से बेहाल हो उठे है। लोगों की मानें तो बारिश का दौर तो लगता है कि इस वक्त थम सा गया है। आषाढ़ जहां सूखा चला गया, वहीं सावन भी अब जाने वाला है। धान रोपाई का अंतिम दौर चल रहा है। पानी के अभाव में रोपाई तक नहीं हो पा रही है। बारिश का यह हाल है कि आसमान में प्रतिदिन बादल छा रहे लेकिन बूंदाबांदी के बाद मौसम साफ हो जा रहा है। गंगा का जलस्तर घटने के साथ ही घाटों पर गंदगी और गाद की समस्या बढ़ने लगी है। शनिवार को भी घटाव की रफ्तार प्रतिघंटा एक सेंटीमीटर रही। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार शनिवार रात 8 बजे तक 64.09 मीटर पहुंच गया। गंगा का लगातार नीचे उतरता जलस्तर घाट की सीढ़ियों और प्लेटफार्म पर मिट्टी और गाद छोड़ रहा है। इसकी सफाई करना नगर निगम के साथ ही स्वयंसेवी संस्थाओं के लिए चुनौती भरा होगा। फिसलन भरी मिट्टी और गाद पर चलना तो दूर पैर रखना भी मुश्किल हो रहा है। इसके बावजूद घाट किनारे उमड़ने वाले लोग और श्रद्धालु इसी फिसलन भरी मिट्टी को पार करते हुए धारा तक पहुंच रहे हैं।

# सम्पादकीय

## अर्थव्यवस्था और निचले पायदान के लोगों की दुर्दशा जीएसटी संग्रह के बढ़ते स्त्रोत

औसत मासिक जीएसटी संग्रह 1.5 लाख करोड़ रुपये के करीब है और वर्ष 2021-22 में पेट्रोल और डीजल की बिक्री से कुल कर संग्रह तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक था। इसलिए यह धारणा गलत है कि हर कोई कर का भुगतान नहीं करता या सरकार के खजाने में योगदान नहीं करता। हाल ही में एक ड्राइवर से मेरी दिलचस्प बातचीत हुई। राम सिंह एक ड्राइवर है, जिसकी सेवाएं मैं समय-समय पर लेता रहता हूं, खासकर गमियों में, जब खुद ड्राइविंग करने का मेरा मन नहीं करता। वह बातूनी है, जो अर्थव्यवस्था के निचले पायदान पर रहने वाले लोगों की दुर्दशा और जमीनी स्तर के रूझानों की सटीक जानकारी के लिए व्यावहारिक साबित होता है। कभी-कभी मुझे लगता है कि वह सूचनाओं का भंडार है-जो फिल्मों, फिल्मी सितारों, राजनेताओं, वैश्विक नेताओं, खेल, स्वास्थ्य सेवा, मौसम और ऐसी हर चीज के बारे में जानता है, जिसके बारे में कोई सोच सकता है। इस बार वह अमीरों के जीएसटी के बोझ से दबे होने और खुद के उससे बचे होने को लेकर खुश था, क्योंकि वह सिर्फ नकद में कारोबार करता था, यहां तक कि वह लोगों से अपना मेहनताना भी नकद में लेता था। मुझसे रहा नहीं गया, तो मैंने उससे पूछा कि क्या उसे सिर्फ नकद में भुगतान किया जाता है, इसलिए उसे लगता है कि वह कर नहीं चुका रहा है? उसने कहा, केवल वही पैसा कर के दायरे में आता है, जिसका भुगतान बैंकों के जरिये होता है। उसका यह सरल विश्वास इस तर्क से उपजा था कि चूंकि उसकी कोई नियमित आय नहीं है, इसलिए उसे कोई कर नहीं चुकाना पड़ता। नोएडा में एक बैठक के बाद वापस पश्चिमी दिल्ली स्थित अपने घर जाते हुए पूरे रास्ते भर मुझे उसे समझाना पड़ा कि करदाता न होने की उसकी धारणा गलत है और वह भी कर चुकाता है। 140 करोड़ से अधिक आबादी वाले देश में 1.5 करोड़ से कुछ अधिक आयकर दाताओं का होना बेशक निराशाजनक है। आधिकारिक तौर पर वित्तमंत्री ने संसद में कहा है कि वर्ष 2019-20 में दर्ज किए गए व्यक्तिगत और कॉरपोरेट सहित सिर्फ आठ करोड़ से अधिक करदाता हैं। ऐसे में यह कहना आसान है कि देश में बहुत कम लोग कर चुकाते हैं, लेकिन यह लोगों की नौकरियों से संबंधित है, खासकर जब एक वर्ष में पांच लाख रुपये तक की आय आयकर से मुक्त होती है। जब मैंने राम सिंह से पूछा कि क्या उसने कपड़े और किराने का सामान खरीदा है, फोन रिचार्ज करवाया है, सिनेमा हॉल में फिल्म देखने के लिए टिकट खरीदा है या इंटरनेट पैक जैसी चीजें ली हैं इस पर उसने सहमति जताई। उसने यह भी बताया कि उसने एक पुरानी मोटरसाइकिल खरीदी है, जिसे वह और उसका बेटा जरूरत के हिसाब से चलाता है। मैंने उससे पूछा कि क्या उसे पता है कि पेट्रोल पर भी टैक्स लगता है, जिसका भुगतान उसे मोटरसाइकिल चलाते वक्त करना पड़ता है? फोन रिचार्ज कराते वक्त भी कर का भुगतान करना पड़ता है, और जब भी उसने किसी दुकान से कोई सामान खरीदा है, तो उसे जीएसटी का भुगतान करना पड़ा है। यह सुनकर अचानक वह चुप हो गया। औसत मासिक जीएसटी संग्रह 1.5 लाख करोड़ रुपये के करीब है और वर्ष 2021-22 में पेट्रोल और डीजल की बिक्री से कुल कर संग्रह तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक था। इसलिए यह धारणा गलत है कि हर कोई कर का भुगतान नहीं करता या सरकार के खजाने में योगदान नहीं करता। यह दरअसल एक कल्पना है। और इसलिए सरकार में बैठे लोगों द्वारा देश में करदाताओं की कम संख्या की बार-बार चर्चा करना भी उतना ही गलत है। असंगठित क्षेत्र में भारी रोजगार, उद्यमियों और अल्पकालिक व्यवसायों को देखते हुए सीधे आयकर के दायरे में आने वाले लोगों की संख्या भले कम हो सकती है, लेकिन आयकर कर संग्रह का एकमात्र स्रोत नहीं है। नागरिक अन्य तरीकों से भी सरकार को कर चुकाते हैं। सरकार की आय के मुख्य स्रोत जीएसटी और आयकर हैं। इन दोनों तरीकों से सरकार को कुल कर संग्रह का लगभग 90 फीसदी हिस्सा मिलता है, जो 27.07 लाख करोड़ रुपये था। स्वाभाविक रूप से सभी नागरिक किसी न किसी तरह से सरकारी आय में योगदान करते हैं। इस धारणा का प्रचार करना, कि केवल आयकरदाता ही कर का भुगतान करते हैं, पूरी तरह से गलत है। दरअसल, जीएसटी सूची के तहत आने वाली किसी भी चीज का उपभोग करने वाला हर नागरिक टैक्स चुका रहा है। इसलिए, करों का भुगतान अब केवल अमीरों या आयकरदाताओं तक सीमित नहीं है। यह एक अलग मुद्दा है कि अधिकांश नागरिकों द्वारा करों का भुगतान करने और सरकार के राजस्व संग्रह में योगदान देने के बावजूद सरकार से प्राप्त होने वाली सेवाओं की गुणवत्ता के बारे में बात करने के लिए बहुत कुछ नहीं है। जन वितरण प्रणाली (पीडीएस), सब्सिडी वाली रसोई गैस, सरकारी संस्थानों में शिक्षा में रियायत या अस्पतालों में किसी भी मानक का परीक्षण नहीं किया जाता है। इसके अलावा, सरकारी आय में योगदान करने वाले लोगों के कल्याण के लिए एकत्रित राजस्व का उपयोग कैसे किया जाता है, इसे तय करने में लोगों की कोई जवाबदेही या भागीदारी नहीं है। जिस दिन आबादी के एक बड़े हिस्से को करों के माध्यम से राजकोष में अपने योगदान का एहसास होगा, उस दिन उन्हें महसूस होगा कि करों का भुगतान करने के लिए आयकर के दायरे में आना जरूरी नहीं है। आयकर तो सरकारी राजस्व का सिर्फ एक स्रोत है। वास्तव में, कर दाखिल करने वालों में से बहुत कम लोग आयकर देते हैं, शेष के पास करों का भुगतान करने के लिए पर्याप्त आय नहीं होती। लेकिन, अप्रत्यक्ष कर चुकाने वालों के साथ यह बात लागू नहीं होती, क्योंकि लोग हर उस लेन-देन में कर चुकाते हैं, जहां जीएसटी लागू होता है।

## शिव कलाओं में दक्ष हैं, भेद मुक्त हैं, वे महायोगी, आदियोगी हैं शिव निर्विकार हैं

उनकी बांहें खुली हुई हैं, जिसमें जीव जगत के सभी प्राणियों के लिए जगह है। वे कैलाशपति हैं, प्रकृति में रची-बसी अनुभूति हैं। शिव तमाम तरह के वैभव से मुक्त हैं, नदी-पहाड़-झरना, पेड़-पालव आदि के सहचर हैं। मन कभी-कभी आध्यात्मिक हो जाता है तो निकल पड़ता है अनंत की यात्रा



पर अपने आराध्य की खोज में। सारे ब्रह्मांड में घूमता है। जाकर वहां रुक सा जाता है जहां सफेद और बर्फीली पहाडियां हैं, खुला आसमान है, कंदराएँ हैं, शिलाएं हैं, जहां किसी आदियोगी के होने की संभावना प्रबल है। ऐसा महायोगी जो रात के चेहरे पर भभूत मल देता है, श्मशान को खेल का मैदान समझता है और देह से मुक्त हुई आत्माओं- प्रेतात्माओं को साथी खिलाड़ी। जिसकी जटाओं में नदियां हैं। जिसने अपने भाल पर चंद्रमा को टिका रखा है। जहां प्रकृति के सारे विरोधी, कमजोर और वंचित साम्य भाव में होते हैं। जहां बाघ और बकरी एक ही घाट पर पानी पीते है। शिव ऐसे महायोगी हैं जिनके अंदर धधकते हुए सूर्य की ज्वाला है, शरद ऋतु की बरसती हुई चांदनी की शीतलता है, हाथ में त्रिशूल है, डमरू है। समुंदर से मथे हुए विष का पान करने वाला वह आदियोगी, त्रिनेत्रधारी नटराज भव सागर में खड़े जहाज की तरह है। बर्फीली पहाडि.यों के शिलाओं पर ध्यान मुद्रा में बैठे शिव के यहां कोई दरबार नहीं लगता, सभी एकमेव स्थिति में रहते हैं, यहां तक कि विरोधी भी। शिव किसी बंधी बधाई मान्यताओं की डोर थामे नहीं चलते, बल्कि उन सभी का उल्लंघन करते हुए एक नई दुनिया रचते हैं। श्मशान में शिव प्रेतों के साथी हैं, जली हुई चिताओं की राख उनके लिए होली का रंग है जो वे खुद के और पिशाचों के चेहरे पर मल देते हैं, जंगल में वे विषैले सांप-बिच्छुओं के अगुआ हैं। नीलकंठ गरल पीकर भी इतने सरल हैं कि सर्प को गले में लपेट रखा है। शिव निष्कपट हैं इसलिए क्रोधी भी हैं।

# मलयालम सिनेमा में बहुआयामी क्षमता का अभिनेता

8 अगस्त 1982 को जन्में मलयालम के प्रसिद्ध अभिनेता फहद फ़ासिल की आंखें अभिनय करती हैं। मलयालम के अलावा फ़हद ने तमिल फ़िल्मों में काम किया है। तमिल फ़िल्म 'सुपर डीलक्स' में उन्होंने तमिल के दिग्गज अभिनेता विजय सेतुपति के साथ तथा शिवकार्तिकेय के साथ 'वैल्लाईकरण' में प्रमुख भूमिका की है।8 अगस्त 1982 को जन्में मलयालम के प्रसिद्ध अभिनेता फहद फ़ासिल की आंखें अभिनय करती हैं, बिना एक शब्द के संवाद के पूरी बातें कह जाती हैं। फ़हद फ़ासिल की बोलती आंखें कमाल की हैं वैसे उनका पूरा व्यक्तित्व बहुत सौम्य और आकर्षक है। अभिनय क्षमता गजब की है। अक्सर उनकी आंखें बौद्धिकता, गुस्से, विद्रोह, मनुष्य के श्याम पक्ष, भीतरी उबाल को स्वभाविक रूप से प्रकट करती हैं। सिनेमा की यह एक विशेषता है कि वह कैमरे की सहायता से अभिनेता के सूक्ष्म भावों को आसानी से पकड़ सकता है। क्लोजअप, एक्स्ट्रीम क्लोजअप के द्वारा कैमरा यह हासिल करता है। हिन्दी के बहुत कम सिने दर्शक फ़हद फ़ासिल से परिचित होंगे क्योंकि अभी तक उन्होंने हिन्दी सिनेमा में काम नहीं किया है। जहां तक याद है मैंने उन्हें पहली बार 'इयोबिंटे पुस्तकं' (बुक ऑफ़ जॉब) में देखा था और बस देखती रह गई थी। पूरी फिल्म में शायद ही वे बोलते हैं सारे समय उनकी आंखें देखती और बोलती हैं। अपने पिता और भाइयों की काली करतूत ये आंखें देखती हैं, साथ ही अपनी प्रियतमा को भी प्रेम-करुणा से भर कर देखती हैं। जीवन के श्याम पक्ष वाली उत्तम फिल्म में पिता और भाइयों की क्रूरता और अत्याचार के खिलाफ़ अलोसी यानि फ़हद फ़ासिल की आंखें सुलगती रहती हैं विद्रोह की ऐसी सशक्त अभिव्यक्ति! इस गाथात्मक फ़िल्म में फ़हद फ़ासिल के अलावा कई अन्य दिग्गज अभिनेता हैं। सबके उत्कृष्ट अभिनय रेखांकित किया जा सकता है। पर अभिनय में सबसे ऊपर है शांत, एकाकी अलोसी यानि योब (जॉब) का सबसे छोटा बेटा। फिल्म निर्देशक पिता प्रसिद्ध थे अतः बेटे के लिए फ़िल्म जगत में राह बनाना आसान न रहा होगा। वैसे तो पिता ने ही बेटे को लॉन्च किया, मगर नतीजा सिफ़र रहा। फहद की पहले की कुछ फ़िल्में असफ़ल रहीं लेकिन वे हारे नहीं, उन्होंने खुद को अन्वेषित किया और एक सफ़ल अभिनेता के



रूप में उभरे। मलयालम के अलावा फ़हद ने तमिल फ़िल्मों में काम किया है। तमिल फ़िल्म 'सुपर डीलक्स' में उन्होंने तमिल के दिग्गज अभिनेता विजय सेतुपति के साथ तथा शिवकार्तिकेय के साथ 'वैल्लाईकरण' में प्रमुख भूमिका की है। जल्द ही वे कमल हासन के साथ 'विक्रमङ्ग' में नजर आएंगे। वे तेलगु सिनेमा में भी प्रवेश कर रहे हैं। अब वे अभिनय के साथ फिल्म प्रोडक्शन भी करते हैं। अब तक 50 फिल्मों से अधिक में काम कर चुके फ़हद की कुछ फ़िल्में मैंने देखी हैं, उन्हीं की थोड़ी-सी बात करती हूं। अभी पिछले साल उनकी फ़िल्म 'मलिक' आई है। इसमें अतीत के अपराध, मौत और दर्द फ़्रेडी (फ़हद) के ऊपर बोझ हैं। बाल अपराधी को उसके ही अंकल को समाप्त कार्ने के काम पार लगाया गया है। इस व्यक्ति के आंतरिक संघर्ष को अभिनेता बखूबी अंजाम देता है। मगर इसी अभिनेता को हीरो युवा डैशिंग डॉक्टर अरुण कुमार दुबई में मस्त-बिंदास जिंदगी बिताते देखना सुखद है। 'डायमंड नेकलेस' वह लक्ज़री कारें चला रहा है, आलीशान फ़्लैट में रहता है, खुल कर क्रेडिट कार्ड का उपयोग करता है। नर्स लक्ष्मी का दिल जीतता है। और एक दिन उसकी नजर एक रोगिणी माया के डॉयमंड नेकलस पर पड़ती है।परिस्थितिवश उसे एक गांव की लड़की से उसकी शादी करनी पड़ती है। उसे असली नेकलेस की जगह नकली नेकलेस रखने में, मरीज को जरूरत से ज्यादा मॉर्फ़ीन देने में कोई हिचक नहीं... आगे आप खुद देखें। फ़हद फ़ासिल ने जिस तरह से 'हैप्पी लकी गो फ़ेलो' का अभिनय किया है, वह 'बुक ऑफ़ जॉब' के अलोसी से बहुत भिनन्न है। इससे उनकी अभिनय क्षमता की विस्तृत सीमा का पता चलता है। 2013 में यूथ आइकॉन का पुरस्कार जीतने वाले फ़हद को इस फ़िल्म के लिए पुरस्कार मिला तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए। सच्ची घटना पर आधारित, स्त्री केंद्रित फ़िल्म 'टेक ऑफ़' में मनोज के रूप में फहद की एंट्री फ़िल्म में काफ़ी बाद में होती है। लेकिन आते ही वे कहानी का केंद्र बन जाते हैं। यहां उनकी चाल, बैठने-बोलने का अंदाज फ़िल्म के किरदार को जीवंत कर देता है। 2014 में एक बार फ़िर वो अपने ब्रूडिंग किरदार में लौटते हैं, जहां संवाद से अधिक उनकी आंखें बोलती हैं। 'बैंगलोर डेज़' के दास की उदास-विचारमगन्आंखों का राज फ़िल्म में बहुत बाद में खुलता है। अतीत के मस्तमौला, चुलबुला, सफ़ल और वर्तमान में चुप्पा दास यानि दो भिनन् स्वभाव के चरित्र को निभाना सरल नहीं होता है। फ़हद ने दोनों रूप सफ़लतापूर्वक निभाए हैं। मुख्य पात्र न होते हुए भी फ़हद इस फ़िल्म को अर्थवत्ता प्रदान करते हैं और एक बार फ़िर वे पुरस्कार के हकदार बनते हैं। बैंगलोर डेज' में उनकी पतनी की भूमिका में हैं, मलयालम सिनेमा की अभिनेत्री नज़रिया नज़ीम। दोनों ने पहले भी 'प्रमाणी' में संग काम किया था। 'बैंगलोर डेज' में काम करते हुए दोनों नजदीक आए और परदे के पति-पतनी जीवन में पति-पतनी बन गए। दोनों ने एक और फ़िल्म 'ट्रांस' में भी साथ-साथ में काम किया है। आश्चर्य होता है अलोसी और दास की मासूम, निष्पाप आंखों को चालाकी-दुष्टता भरी आंखों में परिवर्तित होते देख कर। '22 फ़ीमेल कोट्टयम' के सिरिल को अपराध करने में कोई हिचक नहीं है, अपने फायदे के लिए किसी भोली-भाली लड़की को ड्रग पेडलिंग के लिए उपयोग करने में उसे कोई शर्म नहीं है। गंदे तरीके से वह अपने फ़ायदे के लिए लोगों का खूब दुरपयोग करता है। यहां उसकी आंखें दुष्टता का पर्याय हैं, बड़ा-से-बड़ा अपराध करते हुए वे निर्लिप्त रहती है। दर्शक की आंखें फहद की आंखों से हटती नहीं हैं। 'जोजी' में जोजी के रूप में केंद्रीय पात्र बन फ़हद एक बार फ़िर आदमी के श्याम पक्ष को प्रस्तुत करते हैं और अपनी छाप डालते हैं। दुष्ट पिता और भाइयों को रास्ते से हटाने में जोजी को कोई संकोच नहीं होता है, आखीर उसमें भी वही दुष्ट खून बह रहा है। 'जोजी' फ़िल्म के ऑफ़ीसियल पोस्टर में फ़हद फ़ासिल का पूरा चेहरा दिखाया गया है जिसमें उनकी एक आंख उन्होंने अपने हाथ से ढ़ंकी हुई है, मात्र एक आंख नजर आ रही है। अभिनेता की एक आंख दर्शकों को फ़िल्म की ओर आकर्षित करने के लिए काफ़ी है। बिना किसी व्याख्या के ऐसे अभिनेता का चेहरा पोस्टर पर दिखाना, उसकी प्रसिद्धि का गवाह है। आप इस अभिनेता की फिल्में देखें, अपने आप फहद फासिल की बोलती आंखों और उनके अभिनय के मुरीद हो जाएंगे।

## विराट लोकतंत्र पर अंत्योदय का हस्ताक्षर, त्रेता युग जैसी आनंद की अनुभूति कर रहा देश

प्रधानमंत्री ने यह संदेश दिया है कि जनजातीय समाज को केवल विकास की मुख्यधारा से जोड़ना ही काफी नहीं है, बल्कि उन्हें सर्वोच्च सम्मान देना भी जरूरी है। मेरा सौभाग्य है कि द्रौपदी मुर्मू जी के निर्वाचन के बाद ही मुझे उन्हें कुछ रोचक पुस्तकें भेंट करने का अवसर मिला। ताहि देइ गति राम उदारा।/सबरी कें आश्रम पगु धारा/सबरी देखि राम गृहं आए।/ मुनि के बचन समुझि जियं भाए? रामायण की यह चौपाई बताती है कि त्रेता युग में प्रभु श्रीराम ने वनवास काल में जब आदिवासी माता शबरी के आश्रम में कदम रखा, तो माता शबरी प्रसनन्ता के किस पहाड़ पर विराजमान हो गईं। आज जब भारत अपने स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, तो ऐसे में रायसीना हिल्स पर स्थित का सपना देख भी सकता है और दृढ़ निश्चय के बल पर उसे पूरा भी कर सकता है। झोपड़ी से राष्ट्रपति भवन तक का सफर तय कर हमारी महामहिम जी ने भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था के माथे पर एक स्वर्णिम तिलक लगाया है। महामहिम का निर्वाचन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आजाद भारत की एक सुनहरी तस्वीर पेश करने की ऐसी अनुपम कोशिश है, जिसके माध्यम से हमारे प्राचीन समावेशी समाज की अद्भुत और अप्रतिम विशेषता जनमानस के समक्ष गौरवशाली ढंग से पेश हो रही है, कि देश के राष्ट्रपति का स्थान अब एक आदिवासी महिला ने ले लिया है। यह सिर्फ और सिर्फ भारत में ही संभव है। आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रूप में भारतीय लोकतंत्र की गाथा में एक सुनहरा अध्याय जुड़ देखकर ही प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एनडीए ने उन्हें अपना राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया। उनकी जीत के आंकड़े ने साबित कर दिया कि विपक्ष के उम्मीदवार प्रतीकात्मक लड़ाई भी नहीं लड़ पाए। 20 जून, 2022 को अपना 64वां जन्मदिन मनाने वाली हमारी महामहिम ने आजादी के बाद पैदा होने वाली पहली राष्ट्रपति होने का गौरव भी हासिल किया है। यह सब समीकरण आज़ादी के अमृत महोत्सव के पावन अवसर पर सोने में सुहागा जैसा है। जनजातीय समाज को अपने ही एक साथी का देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचना गौरवान्वित भी कर रहा है और भावुक भी। क्योंकि पिछले सात दशकों में भारत के नौ फीसदी जनजातीय समाज से वादे तो बहुत किए गए, वोट भी बटोरे गए, लेकिन देश के सर्वोच्च पद पर

आज़ादी का अमृत महोत्सव

देश की सर्वोच्च गद्दी पर संथाल जनजाति की एक आदिवासी बेटी आदरणीय द्रौपदी मुर्मू के आसीन होने से देश उसी आनंद की अनुभूति कर रहा है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का यह अनुपम एवं पावन अवसर है, जहां एक गरीब परिवार की संथाल आदिवासी महिला का राष्ट्रपति के रूप में राष्ट्रपति भवन में पदार्पण हुआ है। यह समूचा घटनाक्रम भाजपा और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अंत्योदय सोच और वंचितों के सशक्तीकरण के प्रति उनकी वचनबद्धता का प्रमाण है। देश के सर्वोच्च सांविधानिक पद पर द्रौपदी मुर्मू जी का बैठना विश्व के विराटतम लोकतंत्र पर अंत्योदय का सशक्त हस्ताक्षर है। उनका राष्ट्रपति पद का शपथ ग्रहण किसी पार्टी या प्रदेश के लिए ही नहीं, पूरे देश के लिए गर्व का क्षण था। उन्होंने साबित कर दिया कि भारत का लोकतंत्र सशक्त भी है और समावेशी भी। यहां समाज के हर वर्ग का व्यक्ति देश के नेतृत्व गया है। राष्ट्रपति मुर्मू करोड़ों जनजातीय महिलाओं और युवाओं के लिए आइकॉन बन गई हैं, क्योंकि उनका जीवन है ही इतना प्रेरणादायी। विकास के हाशिये पर पड़े ओडिशा के मयूरभंज जिले के एक पिछड़े आदिवासी गांव में पली-बढ़ीं द्रौपदी मुर्मू अपने गांव में कॉलेज जाने वाली पहली लड़की थीं। फिर उन्होंने अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ शिक्षिका के तौर पर उस पिछड़े इलाके के बच्चों का भविष्य संवारा। लेकिन वह यहीं नहीं रुकीं, उन्होंने सामाजिक जीवन में सक्रियता बढ़ाई और पहले पंचायत नेता, फिर विधायक और मंत्री भी बनीं। महामहिम द्रौपदी मुर्मू जी को आदिवासी समुदाय के उत्थान के लिए कार्य करने का 20 वर्षों का लंबा अनुभव है। वह झारखंड की राज्यपाल भी बनीं और अपना कार्यकाल पूरा करने वाली वहां की पहली गवर्नर भी। उनके प्रेरणादायी जीवन, कठोर पारिवारिक त्रासदियों के बावजूद देशसेवा के प्रति अद्भुत समर्पण को पहुंचाने की बात कभी नहीं की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दशकों के इंतजार को खत्म करके जनजातीय समाज के साथ न्याय किया, उन्हें सम्मान दिया। प्रधानमंत्री ने यह संदेश दिया है कि जनजातीय समाज को केवल विकास की मुख्यधारा से जोड़ना ही काफी नहीं है, बल्कि उन्हें सर्वोच्च सम्मान देना भी जरूरी है। मेरा सौभाग्य है कि द्रौपदी मुर्मू जी के निर्वाचन के बाद ही मुझे उन्हें कुछ रोचक पुस्तकें भेंट करने का अवसर मिला। उनकी सादगी, राष्ट्रप्रेम और देश के पिछड़ों, वंचितों, महिलाओं और युवाओं के उत्थान की चिंता उनके व्यक्तित्व की विशालता को दर्शाती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महात्मा गांधी और पं दीनदयाल उपाध्याय के सपनों के भारत की प्रतीक हैं। आजादी के अमृत काल में यह भारत के लोकतंत्र के लिए सशक्तीकरण का अविस्मरणीय क्षण है।

## वह भाषण जो मैं दे पाता.. यह सरकार जिद्दी-अहंकारी है, आम आदमी पर डाला करों का बोझ

इस सरकार के पास दिमाग और हृदय हो, तो सबसे पहले यह पेट्रोल और डीजल पर टैक्स कम करेगी, एलपीजी की कीमत घटाएगी और उन आवश्यक वस्तुओं पर टैक्स में की गई वृद्धि तत्काल वापस लेगी, जिनका इस्तेमाल मध्यवर्ग और गरीब करते हैं। माननीय सभापति महोदय, अब मैं उस चुनौती पर आता हूं, जिसके बारे में मैंने पहले बताया था। इस बहस को और कुछ दिन पहले शुरू होना चाहिए था। मैं नियम 267 के तहत होने वाली बहस और किसी दूसरे नियम के तहत होने वाली बहस के फर्क को समझ पाने में विफल हूं।




यह सरकार जिद्दी है, जिसके लिए लोग इसकी अहंकारी प्रवृत्ति को जिम्मेदार ठहराते हैं। सबसे पहले मूल्यवृद्धि पर बात करते हैं। यह बहस देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति पर नहीं है। अगर होती, तो कुख्यात मुद्रास्फीति के बाद से इस सरकार के आर्थिक प्रबंधन, बल्कि कुप्रबंधन पर हम सैकड़ों तरह की बात कर सकते थे। कीमत बढ़ रही है। बढ़ती कीमत से खासकर गरीब और मध्यवर्गीय लोगों का जीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। उपभोग और बचत में गिरावट आ रही है। परिवारों का कर्ज बढ़ रहा है और खासकर महिलाओं और बच्चों में कुपोषण बढ़ रहा है। दुर्भाग्य से, हमारी सरकार इन तथ्यों को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। उस दिन मैं यह सुनकर हैरान रह गया कि माननीय वित्तमंत्री ने दूसरे सदन में यह कहा कि जीएसटी की दरों में वृद्धि का लोगों पर कोई असर नहीं पड़ा है! उनकी इस टिप्पणी पर मैं सबसे अंत में सरकार के सामने एक चुनौती पेश करना चाहूंगा। कारण और दिशा मैं उम्मीद करता हूं कि यह बहस अपने उद्देश्यों से नहीं भटकेगी। 'तू-तू-मैं मैं' से यह बहस कहीं नहीं पहुंचेगी। मैं सरकार और उसके सभी सम्माननीय सदस्यों से प्रार्थना करता हूं कि वे अवहनीय मूल्यवृद्धि की वास्तविकता को स्वीकार करें और इससे संबंधित प्रासंगिक प्रश्न का जवाब तलाशने की कोशिश करें : 'मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के लिए सरकार क्या कदम उठाएगी?' मौजूदा मुद्रास्फीति के कारणों की तलाश करना सबसे महत्वपूर्ण है। वित्तीय घाटे से मैं इसकी शुरुआत करता हूं। हम जानते हैं कि बढ़ता हुआ और चिंताजनक वित्तीय घाटा कीमतों को प्रभावित करता है। इसकी व्याख्या करने का समय मेरे पास नहीं है। इस साल के बजट में सरकार का अनुमानित वित्तीय घाटा 6.4 फीसदी या 16,61,196 करोड़ रुपये था। अप्रैल से जून के बीच वित्तीय घाटा 3,51,871 करोड़ रुपये पर पहुंच गया था। हम जानते हैं कि सरकार ने खर्च को घटाकर दिखाया है। क्या सरकार ने राजस्व की प्राप्ति को भी घटाकर दिखाया है? क्या सरकार वित्तीय घाटे को 6.4 फीसदी पर बरकरार रख पाएगी? हम इस बारे में सरकार से ठोस जवाब चाहते हैं। मनुष्य निर्मित कारण अब हम चालू खाते के घाटे पर बात करते हैं। अप्रैल-जून में चालू खाते का घाटा 30 अरब डॉलर के आसपास था। जुलाई में व्यापार घाटा 31 अरब डॉलर था। पूरे साल का चालू खाते का घाटा अगर 100 अरब डॉलर से अधिक हो जाए, तो इसके भयावह नतीजे होंगे। सरकार इस सदन को बताए कि चालू खाते का घाटा कम करने के लिए वह क्या कर रही है? माननीय सभापति महोदय, इस मुद्दे पर भी मैं स्पष्ट जवाब चाहूंगा। तीसरी खतरे की घंटी ब्याज दर है। हम जानते हैं कि नीतिगत दरें रिजर्व बैंक द्वारा तय की जाती हैं। सरकार ने मौद्रिक नीति समिति में तीन सदस्यों को नामित किया है। सरकार का सचिव रिजर्व बैंक के बोर्ड में है। लिहाजा सरकार यह नहीं कह सकती कि इस मामले में उसकी कोई जवाबदेही नहीं है। जब विकसित देश उदार मौद्रिक नीति पर अमल करते हुए बाजार में पैसे झोंक रहे थे, तब भारत ने उनका अनुसरण करना शुरू किया। अब वे ब्याज दर बढ़ा रहे हैं। मुझे लगता है कि अपना देश भी अब उदार मौद्रिक नीति से पीछा छुड़ाएगा। अगर रिजर्व बैंक ब्याज दर में वृद्धि जारी रखता है, तो मांग में कमी आएगी, जिससे कीमत भी घटेगी। पर उससे बिक्री, मुनाफा और सर्वोपरि-रोजगार भी प्रभावित होगा। क्या सरकार और रिजर्व बैंक के गवर्नर एक साथ खड़े हैं? क्या सरकार ब्याज दर के बारे में अपनी भविष्यवाणी को हमारे साथ साझा करेगी चिंता का चौथा कारण आपूर्ति का मोर्चा है। चूंकि फिलहाल उदार आयात की संभावनाएं नहीं हैं, ऐसे में, घरेलू उत्पादन और आपूर्ति बढ़ाने के लिए सरकार क्या कर रही है? एमएसएमई क्षेत्र गहरे संकट में है, और तब तक वह कोई मदद नहीं कर सकता, जब तक उसकी मदद न की जाए। बड़ी कंपनियों की रुचि अपना मुनाफा बढ़ाने में है, इस कारण वे आपूर्ति को कृत्रिम तरीके से बाधित करती हैं। जीएसटी कानून और ब्याज दर से व्यापार ध्वस्त हो चुका है। मेरा प्रशन् यह है कि वस्तुओं और सेवाओं की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार क्या कर रही है।असली पाप अंत में मैं उस मुद्दे पर विचार कर रहा हूं, जिससे लोग सबसे ज्यादा परेशान हैं : यानी सरकार की कर नीति। यह सरकार का असली पाप है, जिसने कठोर टैक्स थोपकर और पेट्रोल-डीजल पर अधिभार लगाकर मुद्रास्फीति को हवा दी। सरकार ने तेल कंपनियों के जरिये कर, अधिभार और लाभांश के रूप में 26,00,000 रुपये का भारी-भरकम टैक्स इकट्ठा किया। यह सरकार बेदर्द, हृदयहीन और गरीब-विरोधी है। इसने बीच-बीच में उन वस्तुओं और सेवाओं की जीएसटी दर में भी वृद्धि की, जिनका इस्तेमाल गरीब और मध्यवर्ग के लोग करते हैं। इस सरकार को छह साल की कृति दुबे के दर्द की परवाह नहीं, जो यह नहीं समझ पाती कि दूसरी पेंसिल मांगने पर उसकी मां उसे डांटती क्यों है, या उसे उस मां के दर्द की चिंता नहीं है, जो अपनी बेटी को दूसरी पेंसिल नहीं दिलवा सकती। इस सरकार के पास दिमाग और हृदय हो, तो सबसे पहले यह पेट्रोल और डीजल पर टैक्स कम करेगी, एलपीजी की कीमत घटाएगी और उन आवश्यक वस्तुओं पर टैक्स में की गई वृद्धि तत्काल वापस लेगी, जिनका इस्तेमाल मध्यवर्ग और गरीब करते हैं। माननीय सभापति महोदय, अब मैं उस चुनौती पर आता हूं, जिसके बारे में मैंने पहले बताया था। आदरणीय सभापति महोदय, सम्माननीया वित्तमंत्री और मैं-यानी हम तीनों बगैर किसी सुरक्षा गार्ड के एक कार में मध्यवर्गीय पड़ोस या दिल्ली की किसी बस्ती में चलते हैं। वहां के लोगों से यह पूछा जाए कि एलपीजी की बढ़ी कीमत और जीएसटी की बढ़ी हुई दरों से उनका जीवन प्रभावित हुआ है या नहीं। वे जो कहेंगे, मैं उसे स्वीकार कर लूंगा। माननीय सभापति महोदय और सम्माननीया वित्तमंत्री को भी आम आदमी की राय से इत्तफाक रखना होगा।

# सेनानियों का शिला पट्टिका से नाम है नदारद

## प्रशासनिक उपेक्षा के शिकार हैं राबर्ट्सगंज नगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**राबर्ट्सगंज (सोनभद्र)।** संपूर्ण देश-प्रदेश- में आजादी का अमृत महोत्सव वर्ष बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, इसके अंतर्गत स्वतंत्र संग्राम सेनानियों के सम्मान में स्मारक, स्मृति द्वार, सड़कों-भवनों का नामकरण, स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े स्थलों का जीर्णोद्धार, सेनानियों के गांव तालाबों को अमृत सरोवर के रूप में तब्दील करने का जहां एक और तेजी के साथ जिला प्रशासन द्वारा कार्य कराया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जनपद मुख्यालय रॉबट्र्सगंज के सेनानियों की अभी तक उपेक्षा की जा रही है। स्वतंत्र भारत का इतिहास में यह बताता है कि मिर्जापुर के दक्षिणांचल के आंदोलन का नेतृत्व सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी व्यापारी रईस नेता बलराम दास केसरवानी ने आदिवासी, जंगली इलाकों में पद यात्राएं कर आम जनता में आजादी का अलख जगाया था। आजादी के रजत जयंती वर्ष में जब वर्तमान सोनभद्र मिर्जापुर जनपद का भूभाग था, उस समय नगर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम की पट्टिका चाचा नेहरू बाल उद्यान में लगाई गई थी लेकिन दुर्भाग्य रहा कि इस प्रस्तर पट्टीका से जनपद मिर्जापुर के सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी देशभक्त सेनानी सन 1921 से लेकर 1947 तक स्वाधीनता आंदोलन में अपना तन- मन- धन न्योछावर करने वाले, 15 अगस्त 1947 को नगर में उच्च शिक्षण संस्थान की नीव रखने वाले, स्वतंत्र भारत के रॉबट्र्सगंज टाउन एरिया के प्रथम अध्यक्ष बलराम दास केसरवानी इनके सहयोगी सरकारी नौकरी से त्यागपत्र देकर नगर से स्वतंत्रता आंदोलन की लड़ाई लड़ने वाले दिल्ली,झांसी, मिर्जापुर जेल में अंग्रेजों की क्रूरता, अत्याचार सहने वाले, सजा काटने वाले, जुर्माना झेलने वाले क्रांतिकारी चंद्रशेखर वैद्य, ब्रिटिश हुकूमत में पटवारी पद से इस्तीफा देकर आंदोलन में कूद पड़ने वाले एवं सत्याग्रह, भारत छोड़ो आंदोलन नगर से सक्रिय भूमिका का निर्वहन करने वाले अली हुसैन उर्फ बेचू के निडरता, निभ्यता की कहानी आज भी लोगों में प्रचलित है कि पराधीनता मे भी राबट्र्सगंज नगर के दरोगा पुरुषोत्तम सिंह के घर/थाना के सामने खड़े होकर भारत माता की जय का नारा लगाते हुए देश भक्ति गीत गाते थे। ऐसे इतिहास पुरुषों को जिला प्रशासन मिर्जापुर वर्तमान प्रशासन सोनभद्र भूल चुका है। इतिहासकार दीपक कुमार केसरवानी ने बताया है कि आजादी की 75 वीं वर्षगांठ जिला प्रशासन सोनभद्र द्वारा हर्ष उल्लास के साथ मनाने का निणर्य लिया है। जिला प्रशासन द्वारा अपनी कार्य योजना में जनपद मुख्यालय रॉबट्र्सगंज के चाचा नेहरू बाल उदयान में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, क्रांतिकारी बलराम दास केसरवानी की मूर्ति, यहां पर अवस्थित गौरव स्तंभ में नगर के सेनानियों का नाम अंकित कराते हुए इनके नाम पर स्मृति द्वार, चौराहा का नामकरण, सेनानियों के आवास के आसपास स्थित तालाबों को अमृत सरोवर में तब्दील करने जैसा कार्य करना चाहिए। ताकि भावी पीढ.ियां इन क्रांतिकारी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों सदकर्मी से शिक्षा प्राप्त कर देश सेवा कर सके।



# सनातन संस्कृति में नाग पंचमी पर्व का धार्मिक महत्व- राम अनुज धर द्विवेदी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**सोनभद्र।** धर्म और सनातन संस्कृत में नाग पंचमी पर्व का अत्यंत धार्मिक महत्व है। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष के पंचमी तिथि पर पड़ने वाला नाग पंचमी का यह पर्व हमारी संस्कृति और परंपरा को सास्वत बनाता है। इस दिन अखाड़ों में कुश्ती लड़ने, लम्बी कूद के अखाड़े कूदने, सनन्े से गुड़िया पीटने,पटना को लम्फाने व झूलने , झूला झूलने , कजरी गाने और सुनने, गुड़ व सोंठ के गोझे खाने की पारंपरिक रीति रिवाज हम सनातन संस्कृत के उपासक सार्थकता प्रदान करते हैं। ग्रामीण परिवेश में रहने वाले लोगों को गुड़िया के पावन पर्व की ये यादें आज मस्तिष्क पटल पर सहज ही चित्रित हो उठती हैं। इस त्यौहार पर पहलवान दंगल में लड़कर ईनाम जीतने के लिए लालायित रहते हैं, तो लड़कियां गुडिया पीटने और सावन के गीत गाने के लिए उत्सुक रहती हैं । यह बात है मंगलवार को नाग पंचमी पर्व की महकता पर प्रकाश डालते हुए श्री सिद्धेश्वर महादेव सेवा संस्थान महुआंव पाण्डेय, घोरावल के संस्थापक राम अनुज धर द्विवेदी ने कहीं । उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचलित परम्परानुसार लोग सुबह उठकर गाय व बैलों को सींग में कंधे पर हल्दी युक्त सरसों का तेल लगाकर खरी नमक खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। साथ ही गाय के गोबर से पूरे घर को गोंठा जाता है और घर की साफ सफाई पुता?ई आदि भी गृहणियों द्वारा किया जाता है। तदुपरांत सनन करने के बाद कुछ लोगों द्वारा नाग देवता को लावा दूध चढ़ाया जाता है। साथ ही गो शाला में हूम कर नाग देवता की आराधना की जाती है। इस दिन लोगों द्वारा अपने घरों में व शिवालयों में भगवान शिव का दर्शन पूजन अभिषेक आदि कार्यक्रम भी किया जाता है। इसके बाद आज घर में अच्छे पकवान जैसे कड़ी,बरी,इड़हल,रसाज, आदि अनेकों प्रकार के व्यंजन अपने सुविधानुसार गृहणियां बनाती है। इस दिन सभी वर्ग के लोग कुरी डाकने, कुश्ती लड़ने, पूजा पाठ, ख़ान पान पर्यटन आदि में अपनी रूचिनुसार कार्यक्रम करते हैं। इस पर्व को लोग बड़े ही उत्साह से मनाते हैं।



# 13वर्ष पहले पति के अत्याचारों से परेशान रंजो ने कि थी आत्महत्या

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**सोनभद्र।** 13 वर्ष पूर्व आग लगाकर रंजो की हुई आत्महत्या के मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्ज्मा की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी पति अरविंद को 10 वर्ष की कैद एवं 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं मृतका के पिता को अर्थदंड की आधी धनराशि दी जाएगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक राबट्र्सगंज कोतवाली क्षेत्र के कम्हरिया गांव निवासी विजय पासवान पुत्र बसावन ने चोपन थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसकी बेटी रंजो उर्फ रंजू ने मिर्जापुर जिले के अहरौरा थाना क्षेत्र के बरबसपुर गांव निवासी अरविंद पुत्र आसाराम के साथ कोर्ट मैरिज किया था। दोनों चोपन थाना क्षेत्र के मुनगा टोला में किराए के मकान में रहते थे। 19/20 अगस्त 2009 की रात करीब एक बजे अरविंद व रंजो ने मकान में आत्महत्या करने की नीयत से आग लगा लिया और रंजो बुरी तरह से जल गई, जबकि अरविंद अधजला हाल में निकलकर भाग गया। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग आ गए और दवा-इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया जहां पर रंजो की मौत हो गई। इस तहरीर पर अरविंद के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने मामले की विवेचना किया और पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में अरविंद के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी अरविंद को 10 वर्ष की कैद एवं 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की आधी धनराशि मृतका के पिता को मिलेगी।



# ब्रह्मा-विष्णु के विवाद को पंच बनकर शिवजी ने सुलझाया था: आचार्य उमाशंकर त्रिपाठी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**सोनभद्र।** सर्व धर्म सम भाव के संकल्प के साथ भिखारी आश्रम रामगढ़ के गुरौटी रोड पर शिव सरोवर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में बुधवार को चौथे दिन शिव पुराण महायज्ञ में भक्तगणों ने ॐ नमः शिवाय मंत्र का जप किया। वहीं शिव पुराण कथा में ब्रह्मा-विष्णु के बीच चल रहे विवाद को पंच बनकर शिवजी ने जो निणर्य सुनाया था की कथा सुनकर भक्तगण भाव-विभोर हो गए। इस दौरान चल रहे अखंड भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली बाबा ने बताया कि यज्ञाचार्य एवं आचार्यों योगेश तिवारी व कौशल तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के जरिए विधिवत पूजन-अर्चन के बाद शिव पुराण महायज्ञ शुरू हुई। वातावरण शुद्ध बनाए रखने के लिए जड़ी बूटियों एवं हवन सामग्री से हवन किया गया। ताकि लोग निरोग रहें। आचार्य पंडित उमाशंकर त्रिपाठी जी महाराज के जरिए शिव पुराण कथा सुनाई गई। जिसमें ब्रह्मा-विष्णु के बीच चल रहे कौन बड़ा है के विवाद को पंच बनकर शिवजी ने निणर्य सुनाया था का वर्णन किया गया। जिसे सुनकर भक्तगण भाव विभोर हो गए। आचार्य कौशल तिवारी द्वारा रुद्राभिषेक कराया गया। यज्ञ मंडप की परिक्रमा भी भक्तगणों द्वारा की गई। अखंड भंडारे में भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया । आचार्य दिनेश कुमार पांडे, शैलेंद्र तिवारी, प्रमोद तिवारी, रेवती तिवारी, आशा देवी, कालो देवी, हीरा, मुनन बाबा, बच्चन महाराज, परमानंद महाराज,चिंता मौर्या, रामा देवी, विमला देवी आदि लोग मौजूद रहे।



# शिवजी-सती के विवाह की कथा सुन भक्तगण हुए भाव-विभोर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**सोनभद्र।** सर्व धर्म सम भाव के संकल्प के साथ भिखारी आश्रम रामगढ़ के गुरौटी रोड पर शिव सरोवर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में मंगलवार को तीसरे दिन शिव पुराण महायज्ञ में भक्तगणों ने ॐ नमः शिवाय मंत्र का जप किया। वहीं शिव पुराण कथा में शिवजी-सती के विवाह की कथा सुनकर भक्तगण भाव-विभोर हो गए। इस दौरान चल रहे अखंड भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली बाबा ने बताया कि यज्ञाचार्य एवं आचार्यों योगेश तिवारी व कौशल तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के जरिए मंगलवार को तीसरे दिन विधिवत पूजन-अर्चन के बाद शिव पुराण महायज्ञ शुरू की गई। वातावरण शुद्ध बनाए रखने के लिए जड़ी बूटियों एवं हवन सामग्री से हवन किया गया। जिससे लोग निरोग रहें। आचार्य पंडित उमाशंकर तिवारी महाराज के जरिए शिव पुराण कथा सुनाई गई। जिसमें शिवजी-सती के विवाह का वर्णन किया गया। आचार्य कौशल तिवारी द्वारा रुद्राभिषेक यजमान रेवती तिवारी उनकी धर्मपतनी रामा देवी, भिखारी बाबा की पत्नी विमल देवी, बहु चिंता मौर्या, राजेश पाठक व उनकी धर्मपत्नी सुशीला पाठक को कराया गया। यज्ञ मंडप की परिक्रमा भी भक्तगणों द्वारा की गई। अखंड भंडारे में भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया । आचार्य दिनेश कुमार पांडे, शैलेंद्र तिवारी, प्रमोद तिवारी,आशा देवी, कालो देवी, हीरा, मुनन बाबा, बच्चन महाराज, परमानंद महाराज आदि लोग मौजूद रहे।




# दहेज हत्या: दोषी पति, ससुर व ननद को 10-10 वर्ष की कैद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**सोनभद्र।** पांच वर्ष पूर्व हुई पुष्पा हत्याकांड के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय राहुल मिश्रा की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी पति विवेक शुक्ला, ससुर सुशील शुक्ला व ननद पूजा शुक्ला उर्फ पूजा मिश्रा को 10-10 वर्ष की कैद व 30-30 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं अर्थदंड न देने पर एक-एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक शक्तिनगर थाने में 21 जुलाई 2017 को दी तहरीर में मध्यप्रदेश के रीवा जिला अंतर्गत शाहपुर थाना क्षेत्र के भमरा गांव निवासी नेत्रकरन चतुर्वेदी पुत्र स्वर्गीय राम कैलाश ने अवगत कराया था कि उसकी बेटी पुष्पा की शादी 2 मार्च 2016 को मध्यप्रदेश के रीवा जिला अंतर्गत लोर थाना क्षेत्र के पताई गांव निवासी विवेक शुक्ला पुत्र सुशील शुक्ला के साथ हुआ था। जब बेटी विदा होकर अपनी ससुराल गई तो वहां पर दहेज में 5 लाख रुपये की मांग को लेकर उसका पति, ससुर व ननद उसे प्रताड़ित करने लगे। जब भी बेटी मायके आती थी तो सारी बात बताती थी। फोन से भी बताती थी। दहेज की मांग पूरी नहीं हुई तो 20 जुलाई 2017 की रात में बेटी को मार दिया। इस तहरीर पर शक्तिनगर पुलिस ने दहेज हत्या में एफआईआर दर्ज कर लिया और पुलिस विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत पाए जाने पर विवेचक ने न्यायालय में पति, ससुर व ननद के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी पति विवेक शुक्ला, ससुर सुशील शुक्ला व ननद पूजा शुक्ला उर्फ पूजा मिश्रा को 10-10 वर्ष की कैद व 30-30 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं अर्थदंड न देने पर एक-एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से अभियोजन अधिकारी विजय यादव ने बहस की।









# घोरावल एवं करमा क्षेत्रांतर्गत पुलिस बल एवं कानून शांति व्यवस्था बनाए रखने कि दृष्टि से पैदल गश्त किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में शांति/कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु क्षेत्राधिकारी घोरावल संजीव कटियार के नेतृत्व में थाना करमा पुलिस द्वारा इमलीपुर बाजार में पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों/वस्तुओं की सघन चेकिंग की गयी । इस दौरान सड़क किनारे अस्थाई अतिक्रमण के सम्बंध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । इसी क्रम में जनपदीय पुलिस के समस्त थानों/चौकी द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में मय पुलिस बल पैदल गश्त करते हुए आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा के दृष्टिगत प्रमुख सर्राफा दुकानों के मालिकों से वार्ता की गयी एवं इस दौरान चौराहों, मार्केट, भीड़-भाड़ वाली जगहों, मिश्रित आबादी वाले इलाकों का जायजा लेते हुए संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों/ वस्तुओं की गहनता से चेकिंग की गई तथा यातायात नियमों का पालन करने के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया गया ।



# नशे के सौदागर हो जाएं भूमिगत, अन्यथा जाएंगे सलाखों के पीछे-सुरेश चंद्र द्विवेदी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनिल कुमार अग्रहरि**

**डाला (सोनभद्र)।** नशे व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कमर कस ली है नवागत चौकी इंचार्ज सुरेश चंद्र द्विवेदी ने कहा है की क्षेत्र में अपराध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा अवैध शराब व नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा नवागन्तुक चौकी प्रभारी श्री द्विवेदी ने कहा जनता की सुरक्षा के लिए पुलिस सदैव तत्पर रहेगी लेकिन वहां पर आम नागरिकों का सहयोग भी जरूरी है।दोनों के सहयोग से कानून ब्यवस्था बनी रहेगी और अपराधियों की जगह सलाखो के पीछे होगी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना हमारी प्राथमिकता होगी किसी भी व्यक्ति को कानून का उल्लंघन करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।साथ ही अगर कोई अराजक तत्व दिखाई दे तो उन पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।उन्होंने अपना व्यक्तिगत मोबाइल नंबर देकर कहा कि नशे के कारोबारियों पर नकेल कसने के लिए उनकी ओर से क्षेत्र में विशेष मुहिम चलाई जाएगी।अगर किसी भी जगह पर कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो वे इस संबंध में तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# थाना माची पुलिस के द्वारा दो वांछित अभियुक्तों कि हुई गिरफ्तारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**सोनभद्र।**पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ यशवीर सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मांची पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 28/2022 धारा 417, 419, 420, 467, 468, 471, 120बी भादवि से सम्बन्धित 02 नफर वांछित अभियुक्तगण 01. सुरेश यादव पुत्र स्व0 जगरदेव खरवार, निवासी ग्राम तेंदुआ, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र, 02. जोखू सिंह पुत्र स्व0 जगरदेव खरवार, निवासी ग्राम सुअरसोत खुर्द, थाना मांची, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया । **गिरफ्तार अभियुक्तगण-** 1- सुरेश यादव पुत्र स्व0 जगरदेव खरवार, निवासी ग्राम तेंदुआ, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र । 2- जोखू सिंह पुत्र स्व0 जगरदेव खरवार, निवासी ग्राम सुअरसोत खुर्द, थाना मांची, जनपद सोनभद्र ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-** 1- थानाध्यक्ष मांची मनोज कुमार सिंह, जनपद सोनभद्र । 2- आरक्षी जयकिशन यादव, थाना मांची, जनपद सोनभद्र । 3- आरक्षी अभिषेक कुमार नायक, थाना मांची, जनपद सोनभद्र । 4- आरक्षी स्वतंत्र कुमार द्विवेदी, थाना मांची, जनपद सोनभद्र ।



## नशे के सौदागर हो जाएं भूमिगत, अन्यथा जाएंगे सलाखों के पीछे-सुरेश चंद्र द्विवेदी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**डाला (सोनभद्र)।** नशे व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कमर कस ली है नवागत चौकी इंचार्ज सुरेश चंद्र द्विवेदी ने कहा है की क्षेत्र में अपराध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा अवैध शराब व नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा नवागन्तुक चौकी प्रभारी श्री द्विवेदी ने कहा जनता की सुरक्षा के लिए पुलिस सदैव तत्पर रहेगी लेकिन वहां पर आम नागरिकों का सहयोग भी जरूरी है।दोनों के सहयोग से कानून ब्यवस्था बनी रहेगी और अपराधियों की जगह सलाखो के पीछे होगी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना हमारी प्राथमिकता होगी किसी भी व्यक्ति को कानून का उल्लंघन करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।साथ ही अगर कोई अराजक तत्व दिखाई दे तो उन पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।उन्होंने अपना व्यक्तिगत मोबाइल नंबर देकर कहा कि नशे के कारोबारियों पर नकेल कसने के लिए उनकी ओर से क्षेत्र में विशेष मुहिम चलाई जाएगी।अगर किसी भी जगह पर कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो वे इस संबंध में तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# राशीफल

मेष-:संघर्ष के लंबे अंतराल के बाद सकारात्मक परिवर्तन व योजनाएं फलीभूत होंगी। रचनात्मकता से पेशेवर जीवन में सफलता मिलेगी। निजी संबंधों में प्रेम रहेगा।

वृष-:अतीत के घाव ताजा हो सकते हैं, उनका उपचार आवश्यक है। संबंधों में प्रेम व फिक्र के भावों को महसूस करेंगे। अहं का टकराव, कार्यस्थल पर संघर्ष व संबंधों में उपजी कठिनाइयों का अंत होगा।

मिथुन-:निजी संबंधों में प्रेम रहेगा। परिवार संग सळखद समय बिताएंगे। रचनात्मक व सकारात्मक दृष्टिकोण व्यावसायिक कार्यों में सफलता दिलाएगा। सहकमिर्यों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

कर्क-:अतीत या भविष्य की योजनाओं में उलझने के बजाय वर्तमान क्षणों को पूर्णता के साथ जिएं, अन्यथा अहम अवसर या गहन अनळभव से वंचित हो सकते हैं। पूर्वाग्रह व दीर्घकालिक लक्ष्यों का मोह त्यागकर आध्य

सिंह-:प्रत्येक चीज प्रचळता में उपलब्ध होगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। भावनात्मक संतळिष्ट व भौतिक समृद्धि मिलेगी। रिश्तों में प्रेम व सहयोग का अनळभव करेंगे। व्यक्तित्व की पूर्णता का एहसास जाग्र

कन्या-:कार्यविशेष को कळशलता से पूर्ण करते हळए प्रतिष्ठा अर्जित करेंगे। कलात्मक गतिविधियों में रुचि लेंगे। सळखद समाचार की प्राप्ति या अतिथियों का आगमन हो सकता है।

तुला-:उलझनों का निवारण होगा। कळछ अध्यायों के अंत व नई शळरुआतों का समय है। अभी तक जो बातें मन-मस्तिष्क पर हावी थीं, उनसे मळक्ति मिलेगी व नए विचारों को स्थान देंगे।

वृश्चिक-:किसी विशेष दिशा में कदम बढ़ाना चाहेंगे, किंतळ नियमों, परंपराओं व रूढ़ियों से बंधा हळआ महसूस करेंगे। उनसे सीधे टकराने के बजाय बचकर निकलने का प्रयास करें।

धनु-:निजी व व्यावसायिक मामलों में महत्वपूर्ण सकारात्मक परिवर्तन हो सकते हैं। निजी संबंधों में प्रतिबद्धता प्रकट होगी व विवाह का संयोग बनेगा। प्रेम व निज स्वातंत्र्य से व्यक्तित्व की पूर्णता

मकर-:विभिन्न मंचों पर प्रतिष्ठा अर्जित करेंगे। व्यावसायिक जीवन में सफलता मिलेगी व निजी संबंधों में मधुरता रहेगी। किसी आत्मीय संग भावनाएं साझा करेंगे। किसी बीमारी से उबरेंगे।

कुंभ-:निजी संबंधों में प्रेम रहेगा। कार्यस्थल पर कळशलता व रचनात्मकता का परिचय देंगे। जटिल मामलों व संबंधों को हल करने में आप सक्षम हैं, किंतळ निर्णय लेना कठिन प्रतीत होगा।

मीन-:साहस के साथ चळौतियों को स्वीकार करें। अपनी समस्याओं के लिए दूसरों को जिम्मेदार ठहराने अथवा परिस्थितियों को दोष देना सरल है, किंतळ सूझबूझ से उनका सामना करने पर ही जीवन में तरक्की का मार

# नोएडा पहुंची झोलाछाप की स्टार कास्ट


(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा ।** सेक्टर 29 स्थित नोएडा मीडिया क्लब में वेब सीरीज 'झोलाछाप' की स्टार कास्ट पहुंची। जिसमें फिल्म जगत के मशहूर कॉमेडियन मुस्ताक खान, चितरंजन त्रिपाठी और महक मनवानी सहित सीरीज के निर्देशक ज्योति प्रकाश भी पहुंचे। सीरीज के बारे में बताते हुए निर्देशक ने कहा कि यह फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है। देश में नीम हकीम और झोलाछाप डॉक्टर गांवों और छोटे कस्बों में जागरूकता की कमी का किस तरह फायदा उठाते हैं ,उसी पर आधारित हास्य और व्यंग की ये सीरीज उड़ीसा की एक सच्ची घटना से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि आज भी गांवों और छोटे कस्बों में लोगों को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर भरोसा ना होकर झोलाछाप डॉक्टरों पर ही उम्मीद रहती है। जिससे समाज में कई तरह की घटनाएं आए दिन होती रहती हैं। मशहूर एक्टर मुस्ताक खान ने बताया के यह उनकी ओटीटी पर शुरुआत है। बॉलीवुड के तमाम किरदारों को बखूबी निभा चुके मुस्ताक खान ने कहा कि निर्देशक से कहानी सुनने के बाद उन्हें इसमें एक सामाजिक दृष्टिकोण दिखाई दिया। जिससे उन्होंने इस फिल्म को करने का मन बनाया। खान ने बताया कि सीरीज में उन्होंने झोलाछाप डॉक्टर की भूमिका निभाई है। इस किरदार को निभाते हुए उन्हें जो अनुभव हुए, वे वाकई सोचने को मजबूर करते हैं। फिल्म की अभिनेत्री महक मनवानी ने बताया कि वे सीरीज में गांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एमबीबीएस डॉक्टर की भूमिका में है। गांव के लोगों में सरकारी अस्पताल के प्रति जो अविश्वास और झोलाछाप डॉक्टर के प्रति जो विश्वास है। उसको लेकर हादसे और व्यंग से संदेश देने की कोशिश की गई है। वहीं सीरीज के अभिनेता चितरंजन त्रिपाठी ने कहा कि उन्होंने भी सीरीज में झोलाछाप डॉक्टर का किरदार निभाया है, जो बेहद चुनौतीपूर्ण था। गांव के लोगों के साथ नीम हकीम और नकली डॉक्टरी करना वाकई बहुत बड़ी चुनौती था। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान निर्देशक ज्योति प्रकाश ने बताया की सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म वूट पर रिलीज हो चुकी है। सीरीज कुल 7 एपिसोड में समाहित है। इस ड्रामा कॉमेडी को काफी पसंद भी किया जा रहा है। फिल्म में प्रभाकर शर्मा,लवकुश कुंडू,जय दा,कादियान, शालिनी मिश्रा, मदनलाल आजाद, जसपाल कौर और चंदन मेहता आदि कलाकारों ने विभिनन्न भूमिकाएं निभाई हैं । सीरीज का उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य संकट को उजागर करना भी है।




# एशिया कप के लिए आठ अगस्त को होगा टीम इंडिया का एलान

**नई दिल्ली ।** कोहली-राहुल की वापसी तय, ये खिलाड़ी हैं दावेदारचेतन शर्मा की अगुआई वाली चयन समिति 15 या 17 सदस्यीय टीम का एलान कर सकती है। एशिया कप की टीम से इस बात का कुछ हद तक अंदाजा हो जाएगा कि ऑस्ट्रेलिया में होने वाली टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया का संयोजन क्या होगा। एशिया कप के लिए भारतीय टीम का एलान सोमवार (आठ अगस्त) को होगा। यह टूर्नामेंट 27 अगस्त से 11 सितंबर तक टी20 फॉर्मेट में दुबई और शारजाह में खेला जाएगा। टीम इंडिया में अनुभवी ओपनर और उप-कप्तान केएल राहुल के साथ दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली की वापसी तय है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत पाकिस्तान के खिलाफ मैच से करेगी। राहुल के जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज से वापसी करने की उम्मीद थी, लेकिन कोरोना संक्रमित होने के कारण वह हाल में हुई स्पोर्ट्स हनिया की सर्जरी से पूरी तरह ठीक नहीं हो पाए हैं। चेतन शर्मा की अगुआई वाली चयन समिति 15 या 17 सदस्यीय टीम का एलान कर सकती है। एशिया कप की टीम से इस बात का कुछ हद तक अंदाजा हो जाएगा कि ऑस्ट्रेलिया में होने वाली टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया का संयोजन क्या होगा। भारतीय टीम वर्ल्ड कप में अपना पहला मैच मेलबर्न में 23 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी। राहुल की अनुपस्थिति में ऋषभ पंत और सूर्यकुमार यादव में से एक ने पिछले छह मैचों में रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग की है। राहुल की वापसी से टीम संतुलित हो जाएगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा, ''राहुल को कुछ भी साबित करने की जरूरत नहीं है। वह जब भी टी20 खेलते हैं तो एक विशेषज्ञ ओपनर के रूप में खेलते हैं और यही चीज जारी रहेगी। सूर्यकुमार और ऋषभ पंत मध्यक्रम में खेलेंगे।'' आईपीएल में जमकर रन बनाने वाले राहुल की आलोचना उनकी धीमी बल्लेबाजी के लिए होती है। टीम इंडिया ने हाल के दिनों में तेजी से रन बनाने की रणनीति बनाई है। ऐसे में राहुल को अपने खेल में बदलाव लाना होगा। खराब फॉर्म में चल रहे विराट कोहली की वापसी तय है। तीसरे नंबर पर उनकी जगह को कोई खतरा नहीं है।




# भारत ने वेस्टइंडीज को चौथे मैच में 59 रन से हराया, सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल की

**नई दिल्ली ।** लाइव ब्लॉग में आपका स्वागत है। भारत ने वेस्टइंडीज को चौथे टी20 मैच में 59 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। सीरीज का आखिरी मुकाबला सात अगस्त को खेला जाएगा।भारतीय क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज को पांच टी20 मैचों की सातवां झटका रवि बिशनेई ने दिया। बिशनेई ने अकील हुसैन को सूर्यकुमार यादव के हाथों कैच कराया। अकील 10 गेंद पर तीन रन ही बना सके। उनके बाद शिमरॉन हेटमायर भी आउट हो गए। हेटमायर को रवि बिशनेई ने क्लीन बोल्ड कर दिया। वह 19 गेंद पर 19 रन ही बना सके। वेस्टइंडीज को छठा झटका अनुभवी में चार विकेट पर 64 रन बना लिए हैं। वेस्टइंडीज को तीसरा झटका लगा है। कप्तान निकोलस पूरन रनआउट हो गए हैं। उन्होंने आठ गेंद पर 24 रन बनाए। संजू सैमसन के थ्रो पर ऋषभ पंत ने उन्हें रनआउट कर दिया। पूरन ने अपनी पारी में एक चौका और तीन छक्के लगाए। उन्होंने 300 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। वेस्टइंडीज



सीरीज में हरा दिया। उसने शनिवार (छह अगस्त) को अमेरिका के फ्लोरिडा में खेले गए चौथे टी20 मैच में 59 रनों से जीत हासिल की। इस तरह टीम ने सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला रविवार (सात अगस्त) को इसी मैदान पर खेला जाएगा। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 191 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 19.1 ओवर में 132 रन पर सिमट गई। भारत के लिए ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए। वहीं, गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह ने सर्वाधिक तीन विकेट लिए। भारतीय टीम जीत के करीब है। उसे सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने के लिए एक विकेट की तलाश है। वेस्टइंडीज को नौवां झटका अर्शदीप सिंह ने दिया। उन्होंने डोमिनिक ड्रैक्स (पांच रन) को क्लीन बोल्ड कर दिया वेस्टइंडीज को जेसन होल्डर के रूप में लगा। वह नौ गेंद पर 13 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। होल्डर को अर्शदीप ने संजू सैमसन के हाथों कैच कराया। वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 101 रन बना लिए हैं। उसे जीत के लिए 91 रन और बनाने हैं। भारत को पांचवीं सफलता अक्षर पटेल ने दिलाई। उन्होंने कायेल मेयर्स के बाद रोवमन पॉवेल को भी पवेलियन भेज दिया। पॉवेल 16 गेंद पर 24 रन बनाकर दीपक हुड्डा को कैच थमा बैठे। उन्होंने एक चौका और दो छक्के लगाए। वेस्टइंडीज ने नौ ओवर में पांच विकेट पर 82 रन बना लिए हैं। भारत को चौथी सफलता अक्षर पटेल ने दिलाई। उन्होंने कायेल मेयर्स को दीपक हुड्डा के हाथों कैच कराया। मेयर्स 16 गेंद पर 14 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने दो चौके लगाए। मेयर्स के आउट होने के बाद शिमरॉन हेटमायर क्रीज पर आए हैं। वेस्टइंडीज ने सात ओवर ने छह ओवर में तीन विकेट पर 61 रन बना लिए हैं। चार ओवर के बाद वेस्टइंडीज का स्कोर दो विकेट पर 27 रन है। फिलहाल निकोलस पूरन दो रन और काइल मेयर्स 9 रन बनाकर क्रीज पर हैं। भारत की ओर से आवेश खान ने दो विकेट लिए हैं। उन्होंने ब्रैंडन किंग और डेवोन थॉमस को पवेलियन भेजा। भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट खोकर 191 रन बनाए हैं। वेस्टइंडीज के सामने जीत के लिए 192 रन का लक्ष्य है। भारत के लिए सबसे ज्यादा 44 रन विकेटकीपर ऋषभ पंत ने बनाए। अंत में अक्षर पटेल ने आठ गेंदों में 20 रन की पारी खेली। कप्तान रोहित ने 33 और संजू सैमसन ने 30 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए ओबेड मैकॉय और अल्जारी जोशेप ने दो-दो विकेट लिए।

# जडेजा ने चेन्नई सुपर किंग्स में भविष्य को लेकर चार शब्दों का रिप्लाई डिलीट किया

**नई दिल्ली ।** फैन्स बोले- अब सब खत्मआईपीएल के शुरुआत में रवींद्र जडेजा को टीम का कप्तान बनाया गया था। हालांकि, शुरुआती कुछ मैचों में हार के बाद मैनेजमेंट ने फैसला बदला और जडेजा को कप्तानी छोड़नी पड़ी और दोबारा महेंद्र सिंह धोनी को कप्तानी सौंपी गई। इसके बाद जडेजा के चेनन्ई मे भविष्य को लेकर सवाल उठने लगे थे चेनन्ई सुपर किंग्स के लिए 2022 आईपीएल सीजन खराब रहा था। टीम



आईपीएल इतिहास में सिर्फ दूसरी बार प्लेऑफ के लिए नहीं क्वालिफाई कर पाई थी। टीम 2022 आईपीएल में नौवें स्थान पर रही थी। चेनन्ई की टीम 14 मैचों में से सिर्फ चार मैचों में जीत हासिल कर पाई। बीच आईपीएल में चेनन्ई टीम के मैनेजमेंट में भी परेशानी दिखाई पड़ी थी। आईपीएल के शुरुआत में रवींद्र जडेजा को टीम का कप्तान बनाया गया था। हालांकि, शुरुआती कुछ मैचों में हार के बाद मैनेजमेंट ने फैसला बदला और जडेजा को कप्तानी छोड़नी पड़ी और दोबारा महेंद्र सिंह धोनी को कप्तानी सौंपी गई। इतना ही नहीं जडेजा चेनन्ई के आखिरी चार मैच भी नहीं खेले। इसके बाद सीएसके में उनके भविष्य को लेकर सवाल उठने लगे थे। आईपीएल के बाद अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स शुरू हुए और जडेजा और सीएसके के बीच विवाद शांत हो गया था। पिछले कुछ महीनों में सोशल मीडिया पर जडेजा की एक्टिविटी ने उनके और चेनन्ई सुपर किंग्स के बीच विवाद की खबरों को एकबार फिर तूल दे दी है। भारतीय ऑलराउंडर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम प्रोफाइल से चेनन्ई से जुड़ी यादों को मिटा दिया था। उन्होंने 2021 और 2022 में पोस्ट की गई तस्वीरों को डिलीट कर दिया था। अब जडेजा की एक और हरकत ने फैन्स को सोचने पर मजबूर कर दिया है। उन्होंने अब अपने ट्विटर प्रोफाइल से चेनन्ई सुपर किंग्स से जुड़े एक ट्वीट को डिलीट कर दिया है। इसके बाद फैन्स मानने लगे हैं कि जडेजा का चेनन्ई में सफर खत्म हो चुका है और वह अगले साल इस टीम से आईपीएल खेलते नहीं दिखेंगे। दरअसल चेनन्ई सुपर किंग्स ने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर 4 फरवरी 2022 को जडेजा से जुड़ा एक पोस्ट किया था। इसमें उन्होंने लिखा था- सुपर जड्डू के सीएसके में 10 साल। इसके बाद जडेजा ने इस पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए लिखा था- 10 और साल अभी इस टीम से खेलने हैं। हालांकि, बुधवार को इस ट्वीट को डिलीट कर दिया। जडेजा ने सीएसके के लिए अपना आखिरी मैच इसी साल चार मई को खेला था। इसके बाद वह करीब दो महीने बाद एक्शन में लौटे थे। आईपीएल के बाद जडेजा ने सीधे इंग्लैंड के खिलाफ रीशेड्यूल किए गए पांचवें टेस्ट में हिस्सा लिया था। इसमें जडेजा ने शतक जड़ा था।

# जिला कारागार, गौतम बुद्ध नगर की विजिट एवं अन्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी के अन्तर्गत चिन्हित किये गये निरुद्ध बंदियों के लिए आयोजित किया गया विधिक साक्षरता शिविर

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

**नोएडा ।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में एवं अवनीश सक्सेना, जनपद न्यायाधीश के दिशा-निर्देशन में तथा श्रीमती शिवानी त्यागी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की



अध्यक्षता में आज 02.08.22 को जिला कारागार की विजिट एवं ळऊँण् के अन्तर्गत चिन्हित बंदियों के मध्य विधिक साक्षरता व जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमती शिवानी त्यागी द्वारा शिविर में बताया कि निरुद्ध बंदियों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा अण्डर ट्रायल रिब्यू कमेंटी के अन्तर्गत बंदियों की रिहाई हेतु ळऊँण्75 महाअभियान संचालित किया गया है। इस महाअभियान के अन्तर्गत बंदियों को पात्रता के आधार पर रिहा कराये जाने के बाबत विस्तापूर्वक जानकारी उपलब्ध कराई गई। इसके अतिरिक्त विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही योजनाओं (निःशुल्क कानूनी सहायता, बंदियों के अधिकार, आदि विषयों पर प्रकाश डाला गया तथा शिविर के माध्यम से बंदियों को उनके मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों के विषय में जानकारी दी गई। कारागार में निरूद्ध बंदियों को अपने मुकदमों में पैरवी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से अधिवक्ता उपलब्ध कराने के लिए पूछा गया। शिविर में श्रीमती शिवानी त्यागी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री अरुण प्रताप सिंह, अधीक्षक, जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर के साथ कारागार स्टाफ एवं बंदीगण उपस्थित रहे।

# स्मृति मंधाना ने अंग्रेज गेंदबाजों को धोया, 23 गेंद पर अर्धशतक जड़ खुद का रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली ।** भारतीय महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 164 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम छह विकेट पर 160 रन ही बना सकी। क्रिकेट में भारत को पहली बार पदक मिलेगा। पिछली बार 1998 में पुरुष टीम खाली हाथ लौटी थी। भारत की स्टार ओपनर स्मृति मंधाना ने राष्ट्रमंडल खेलों के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ तूफानी बल्लेबाजी की। उन्होंने 32 गेंद पर 61 रन बनाए। इस दौरान आठ चौके और तीन छक्के लगाए। मंधाना ने 190.62 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। उनकी बल्लेबाजी की बदौलत टीम इंडिया फाइनल में पहुंच गई है। उसने इंग्लैंड को रोमांचक मुकाबले में चार रन से हरा दिया। भारतीय महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 164 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम छह विकेट पर 160 रन ही बना सकी। क्रिकेट में भारत को पहली बार पदक मिलेगा। पिछली बार 1998 में पुरुष टीम खाली हाथ लौटी थी। मंधाना की बात करें तो उन्होंने शेफाली वर्मा के साथ टीम इंडिया को शानदार शुरुआत दी। दोनों ने मिलकर 7.5 ओवर में 76 रनों की साझेदारी कर दी। इस दौरान मंधाना ने 23 गेंदों पर ही अपना अर्धशतक पूरा किया। शेफाली 17 गेंद पर 15 रन बनाकर आउट हुईं।स्मृति टी20 में भारत के लिए सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाली महिला खिलाड़ी हैं। उन्होंने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा। स्मृति ने इससे पहले 2019 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 24 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा था। वहीं, 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ 25 गेंदों पर अर्धशतक लगाया था। फाइनल में सात अगस्त को भारत का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। टीम इंडिया की जीत में सबसे बड़ा योगदान स्टार ओपनर स्मृति मंधाना का ही रहा है। उन्होंने मैच की शुरुआत ही धमाकेदार अंदाज में की। 23 गेंद पर अर्धशतक लगाकर इंग्लैंड की टीम को चौंका दिया। उस समय से मैच में भारत का दबदबा मजबूत हो गया




था। अंत में मुकाबला रोमांचक जरूर हुआ, लेकिन टीम इंडिया मैच जीतने में सफल रही।भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को हराकर रचा इतिहास, पहली बार क्रिकेट में मिलेगा पदक, मंधाना की तूफानी पारीभारतीय महिला क्रिकेट टीम ने राष्ट्रमंडल खेलों के सेमीफाइनल में मेजबान इंग्लैंड को चार रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया फाइनल में पहुंच गई। उसने पदक पक्का कर लिया है। क्रिकेट में भारत को पहली बार पदक मिलेगा। पिछली बार 1998 में पुरुष टीम खाली हाथ लौटी थी। महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 164 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम छह विकेट पर 160 रन ही बना सकी। फाइनल में भारत का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। टीम इंडिया की जीत में सबसे बड़ा योगदान स्टार ओपनर स्मृति मंधाना का रहा है। उन्होंने मैच की शुरुआत ही धमाकेदार अंदाज में की। 23 गेंद पर अर्धशतक लगाकर इंग्लैंड की टीम को चौंका दिया। उस समय से मैच में भारत का दबदबा मजबूत हो गया था। अंत में मुकाबला रोमांचक जरूर हुआ, लेकिन टीम इंडिया मैच जीतने में सफल रही। मैच में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। उनका यह निणय सही साबित हुआ। स्मृति मंधाना ने आक्रामक शुरुआत की। उन्हें शेफाली वर्मा का साथ मिला। दोनों ने मिलकर 7.5 ओवर में 76 रनों की साझेदारी कर दी। इस दौरान मंधाना ने अपना अर्धशतक पूरा किया। शेफाली 17 गेंद पर 15 रन बनाकर आउट हुईं। उन्होंने दो चौके लगाए। शेफाली को फ्रेया केम्प ने कैथरीन ब्रंट के हाथों कैच कराया। शेफाली के आउट होने के कुछ देर बाद अगले ही ओवर में मंधाना भी पवेलियन लौट गईं। उन्होंने 32 गेंद पर 61 रन बनाए। इस दौरान आठ चौके और तीन छक्के लगाए। मंधाना ने 190.62 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। उन्हें नटाली स्कीवर ने बॉन्ग के हाथों कैच कराया। मंधाना का राष्ट्रमंडल खेलों में दूसरा अर्धशतक है। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 63 रन की पारी खेली थी। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अच्छी शुरुआत की। उन्होंने 20 गेंद पर 20 रन बना लिए थे। ऐसा लग रहा था कि वह इंग्लैंड के खिलाफ बड़ी पारी खेलेंगी, लेकिन 20 गेंद पर 20 रन बनाकर आउट हो गईं। 13.2 ओवर में जब टीम इंडिया का स्कोर 106 रन था तब हरमनप्रीत आउट हो गईं। उन्हें फ्रेया केम्प ने बूचियर के हाथों कैच कराया। अंतिम ओवरों में जेमिमा रोड्रिग्ज और दीप्ति शर्मा ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 38 गेंदों पर 53 रन की साझेदारी की। दीप्ति 20 गेंद पर 22 रन बनाकर आउट हुईं। उन्होंने दो चौके लगाए। जेमिमा ने पिछले मैच में अर्धशतक लगाया था। इस बार भी वह टीम के लिए संकटमोचक साबित हुईं। उन्होंने 31 गेंद पर नाबाद 44 रन बनाए। जेमिमा के बल्ले से सात चौके निकले। उनका स्ट्राइक रेट 141.94 का रहा। पूजा वस्त्राकर शून्य पर रनआउट हुईं। सन्हे राणा को खाता खोलने का मौका नहीं मिला। वह बिना गेंद खेले नाबाद रहीं।


# प्रवेश सूचना

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

(आई0 एस0 ओ0 प्रमाणित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र)

भारत सरकार की कौशल विकास योजना मे समस्त, 2022 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथ प्रस्तुत विविण पाठ्यक्रर्मो की अवधि के विवरण नीचे दिए गए है।

| क्र0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 1 वर्ष | 12वी पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वी पास |
| 3. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वी पास |
| 4. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वी पास |
| 5. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वी पास |
| 6. | कम्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 7. | सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 8. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 09. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 10. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वी पास |
| 11. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वी पास |
| 12. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वी पास |


प्रस्तुत विभिन्न पाठ्क्रमों में रिक्त सीटों की उपलब्धता तथा दाखिला शुल्क का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर देखे।

1. **प्रमाण पत्रः** सफल प्रशिक्षणर्थियों को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो सेवा में भर्ती के लिए मान्य योग्यता है।
2. **चयन की प्रक्रियाः** इस वर्ष कोविड–19 महामारी के चलते यभी सीटें पर दाखिले पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किये जायेगे।
3. **आयुः** उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 2022 को न्यूनतम 14 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
4. **आवेदन कैसे करेः** ओवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है।
   **नोटः** आवेदन फार्म भरते हुए रू 2665 का पंजीकरण शुल्क भी (अप्रतिदेय) होगा।
5. **बस पासः** सरकार द्वारा विधार्थियों के लिए प्रति माह में रियायती एसी बस पास सुविधा उपलब्ध है, जो कि सभी बसों में मान्य है।
6. **छात्रवृत्तिः** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिसके पास आय प्रमाण पत्र हो, वो भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है।
7. अधिक जानकारी तथा ऑनलाइन आवेदन के लिए संस्थान की वेबसाइट www,nainiiti.com देखें।
8. दाखिले की अंतिम तिथिः **15 अगस्त 2022**
9. सफल अभ्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा रू 7700 प्रति माह की अप्रेंटिसशिप सुविधा उपल्बध है।

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज
सम्पर्क सूत्रः– 0532–2695959, 9415608710, 6386474074, 9415608790

# सफेद ड्रेस में दिखा तापसी पन्नू का सिजलिंग अंदाज, तस्वीरें देख घायल हुए फैंस


**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू इंडस्ट्री की बेबाक और धाकड़ एक्ट्रेसेस में से एक हैं। वह लगभग हर मुद्दे पर अपनी राय खुलकर रखती हैं। अपी बेबाकी के साथ ही अपने अभिनय के लिए मशहूर तापसी ने हर किसी का दिल जीत रहा है। तापसी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी इस फोटो को शेयर किया है। तस्वीर में एक्ट्रेस सफेद रंग की शॉट ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही है। हालांकि, यह एक्ट्रेस से बढ़कर एक पोज दिए। तापसी की इन अदाओं पर उनके फैंस दीवाने हो गए हैं। यही वजह है कि लोग लगातार उनके इस पोस्ट पर लाइक और कमेंट कर उनकी तारीफ कर रहे हैं। अपनी इस शानदार आउटफिट के साथ




अपनी फिल्मों से दर्शकों के दिल में अपनी अलग जगह बनाई है। फिल्मों के जरिए लोगों का जीतने वालीं एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। वह आए दिन फैंस के साथ अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। इसी क्रम में अभिनेत्री ने हाल ही में अपनी एक लेटेस्ट फोटो फैंस के साथ साझा की है। हाल ही में सामने आई इस तस्वीर में तापसी बोल्ड अंदाज में नजर आ रही है। लेटेस्ट फोटोशूट की इस तस्वीर में एक्ट्रेस का लुक की बैक फोटो है। यानी तापसी तस्वीर में कैमरे की तरफ अपनी पीठ कर के खड़ी हुई है। साथ ही उनकी ड्रेस की डिजाइन उन्हें बेहद सिजलिंग बना रहा है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा है, ठहैशटैग दोबारा।ठ इसके अलावा एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर भी अपने इस फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इनमें से कुछ फोटोज में वह बैक पोज देती दिख रही हैं। तो वहीं की तस्वीरों में उन्होंने कुर्सी पर बैठ एक उन्होंने अपने कर्ली हेयर्स की पोनी टेल बना रखी है। साथ ही न्यूड मेकअप उनके इस लुक में चार चांद लगा रहा है। एक्ट्रेस अपने इस लेटेस्ट लुक में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो तापसी आखिरी भारतीय महिला क्रिकेटर मिथाली राज की जिंदगी पर आधारित फिल्म शाबाश मिथु में नजर आई थीं। वहीं अब वह जल्द ही अपनी फिल्म दोबारा में नजर आने वाली हैं।

# जलती बिल्डिंग से टकराई 'डॉनी ब्रास्को' फेम ऐनी हेचे की कार, गंभीर रूप से झुलसीं एक्ट्रेस


**नई दिल्ली।** अभिनेत्री ऐनी हेचे की कार एक आग लगी बिल्डिंग से जा टकराई और वह गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। एक्ट्रेस का हालत नाजुक है। वहीं, आग को बुझाने के लिए करीब एक घंटे तक दमकलकर्मियों





को मशक्कत करनी पड़ी। हॉलीवुड अभिनेत्री ऐनी हेची रोड एक्सीडेंट का शिकार हो गई हैं। अभिनेत्री की कार लॉस एंजिल्स के मार विस्टा एरिया में एक बिल्डिंग से जा टकराई और आग की चपेट में आ गई। इस हादसे में 53 वर्षीय ऐनी गंभीर रूप से घायल हो गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभिनेत्री का हालत अभी नाजुक बनी हुई है। ऐनी 'वोल्केनो', 'सिक्स डेज सेवन नाइट्स', 'डॉनी ब्रास्को', 'आई नो व्हाट यू डिड लास्ट समर' सहित कई फिल्मों में काम किया था लॉस एंजिल्स में हुआ एक्सीडेंट रिपोर्ट के मुताबिक ऐनी हेचे का शुक्रवार की सुबह लॉस एंजिल्स में एक्सीडेंट हुआ है। अभिनेत्री की कार लॉस एंजेलिस के मार विस्टा के वालग्रोव एवेन्यू में जिस बिल्डिंग में आग लगी थी, उसी से जा टकराई। इस हादसे में एक्ट्रेस बुरी तरह झुलस गई हैं और अस्पातल में उनका इलाज चल रहा है। अगिन्शमन विभाग के आने से पहले ही कार आग की लपटों में आ चुकी थी। अगिन्शमन विभाग ने बताया कि जिस बिल्डिंग से ऐनी की कार टकराई उस पर काबू पाने में 59 दमकलकमिन्यों ने 65 मिनट तक मशक्कत करनी पड़ी थी। आईसीयू में हैं ऐनी टीएमजेड की ओर से घटना से संबंधित कई वीडियोज शेयर किए गए हैं। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि ऐनी की दुर्घटनाग्रस्त ब्लू मिनी कूपर को बाहर निकाला जा है, तो दूसरी में उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ऐनी अभी आईसीयू में हैं। वह गंभीर रूप से झुलस गई हैं, जिसकी रिकवरी होने में समय लगेगा। पहली गैरेज से टकराई थी कार हादसे के दौरान वहां मौजूद लोगों के अनुसार ऐनी हेचे की कार पहले एक अपार्टमेंट परिसर के गैरेज से टकराई थी। परिसर में रहने वाले लोगों ने उन्हें बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन वह कार को रिवर्स करके निकलीं और उनकी कार दूसरी ाग लगी बिल्डिंग से जा टकराई। हादसे में ऐनी बुरी तरह झुलस गई हैं।

# इन सितारों के बीच है छत्तीस का आंकड़ा, आखिरी वाले तो एक-दूसरे की शक्ल तक नहीं देखना चाहते

**नई दिल्ली।** कहते हैं कि खून से भी ज्यादा गहरा कोई रिश्ता है तो वह दोस्ती का रिश्ता होता है। सभी की जिंदगी में दोस्तों की खास अहमियत होती है और सच्चा दोस्त किसी भी मुसीबत में सबसे पहले साथ खड़ा





होता है। बॉलीवुड में भी दोस्ती पर तमाम फिल्में और गाने बने हैं, जो कि बेहद खास हैं। वैसे तो किसी भी रिश्ते के लिए किसी खास दिन की जरूरत नहीं होती है, लेकिन फिर भी मदर्स डे, फादर्स डे, वूमेंस डे जैसे दिन मनाए जाते हैं। इसी तरह से दोस्ती के लिए भी एक दिन तय है और आज दोस्ती का वह खास दिन है। बॉलीवुड के ऐसे तमाम सितारे हैं जो आपस में बहुत अच्छे दोस्त हैं तो वहीं कई सितारे ऐसे भी हैं जिनके बीच में छत्तीस का आंकड़ा है। आज हम आपको बॉलीवुड के ऐसे सितारों के बारे में बताने जे रहे हैं जिनके बीच में बिल्कुल भी नहीं पटती या फिर जो कभी बहुत अच्छे दोस्त थे, लेकिन बाद में किसी वजह से एक दूसरे के दुश्मन बन गए। कंगना रणौत हमेशा अपने बेबाक बयानों के लिए जानी जाती हैं। वह किसी न किसी वजह से हर किसी से पंगा ले लेती हैं। कंगना रणौत और करण जौहर किसी जमाने में बहुत अच्छे दोस्त थे। कंगना रणौत एक बार करण जौहर के शो कॉफी विद करण में पहुंची थीं, वहां उन्होंने नेपोटिज्म को लेकर करण जौहर पर ही निशाना साध दिया था। इसके बाद से कंगना रणौत और करण जौहर की दोस्ती हमेशा के लिए टूट गई और दोनों एक दूसरे के दुश्मन बन गए। सलमान खा और विवेक ओबरॉय बॉलीवुड में एक-दूसरे के सबसे बड़े दुश्मन माने जाते हैं। कहा जाता है कि दिनों के बीच लड़ाई की वजह ऐश्वर्या राय हैं। दरअसल विवेक ओबरॉय और ऐश्वर्या राय ने एक फिल्म साथ में की थी, जिसके बाद दोनों के रिश्ते को लेकर चर्चा शुरू हो गई। ये बात सलमान खान को नागवार गुजरी और दोनों में तनातनी हो गई। इसके बाद से तो सलमान खान और विवेक ओबरॉय के बीच रिश्ते इस कदर खराब हुए कि अब तक न सुधर पाए। जाहिर सी बात है कि अपने एक्स बॉयफ्रेंड की नई गर्लफ्रेंड किसी को अच्छी नहीं लगती है। कुछ ऐसा ही अनुष्का शर्मा और दीपिका पादुकोण का रिश्ता भी कुछ ऐसा ही है। रणवीर सिंह पहले अनुष्का शर्मा को डेट कर रहे थे, बाद में उनका नाम दीपिका पादुकोण संग जुग गया।

# इस दिन अपने बच्चे को जन्म देंगी आलिया भट्ट

**नई दिल्ली।** अस्पताल भी हो गया बुक आलिया भट्ट अपनी निजी जिंदगी से ज्यादा अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुखिर्यों में रहती हैं। आजकल वह अपनी प्रेगनेंसी के अलावा फिल्म डार्लिंग्स और ब्रह्मास्त्र को लेकर भी चर्चा में हैं। वैसे तो आलिया भट्ट वाली हैं। वह अपनी सेहत का भी खूब ध्यान रख रही हैं। अभिनेत्री समय-समय पर अपना कोविड टेस्ट भी कराती रहती हैं। कुछ दिनों पहले तक आलिया भट्ट डार्लिंग्स के प्रमोशन में बिजी थीं और अब वह ब्रह्मास्त्र का प्रमोशन कर रही हैं। इन सबके



और रणबीर कपूर आज अपने काम से छुट्टी लेकर लंबे वेकेशन पर निकल गए हैं। इन खबरों के बीच में आलिया भट्ट की प्रेगनेंसी को लेकर भी नई खबरें सामने आ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आलिया भट्ट चार महीने की प्रेगनेंट हैं और वह दिसंबर के आखिरी तक अपने बच्चे को जन्म दे सकती हैं। इन दिनों आलिया भट्ट के पति और उनका परिवार अभिनेत्री का पूरा ध्यान रख रहे हैं। कुछ दिनों पहले रणबीर कपूर भी इस बारे में बात कर चुके हैं। और अब खबर आ रही है कि आलिया भट्ट दिसंबर के अंत तक मां बन सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आलिया और रणबीर ने डिलीवरी के लिए अस्पताल भी बुक करा लिया है। आलिया भट्ट की डिलीवरी एक बड़े अस्पताल में होने बीच आलिया भट्ट को अपनी सासू मां नीतू कपूर का भी पूरा साथ मिल रहा है। क्योंकि कपूर परिवार भी इस बच्चे को लेकर काफी एक्साइटेड है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान आलिया भट्ट ने लड़का, लड़की या फिर ट्विन्स को लेकर पूछे गए सवाल का भी जवाब दिया था। उन्होंने कहा था कि वह सिर्फ एक स्वस्थ बच्चा चाहती हैं। आलिया भट्ट की प्रेगनेंसी की खबर सुनकर फैंस भी काफी एक्साइटेड हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो कुछ दिनों पहले आलिया भट्ट की फिल्म डार्लिंग्स ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई है। अब रणबीर और आलिया की अगली फिल्म ब्रह्मास्त्र सिनेमाघरों में अगले महीने रिलीज होने वाली है। बता दें कि दोनों की साथ में ये पहली फिल्म होगी।


# रणबीर कपूर संग बेबीमून के लिए रवाना हुईं आलिया भट्ट, एयरपोर्ट पर दिखा दोनों का स्टाइलिश अंदाज

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट दोनों बॉलीवुड के क्यूट कपल में से एक माने जाते हैं। दोनों की जोड़ी को फैंस काफी पसंद करते हैं। आलिया भट्ट इन दिनों अपनी फिल्म डार्लिंग्स के प्रमोशन में बिजी हैं तो वहीं रणबीर कपूर भी शूटिंग से समय निकालकर इन दिनों आलिया भट्ट के साथ वक्त बिता रहे हैं। आलिया भट्ट इन दिनों प्रेगनेंट हैं और अपने पहले बच्चे के स्वागत के लिए तैयार हैं हाल ही में रणबीर और आलिया दोनों को मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया है। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट को रविवार की सुबह-सुबह मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया है। दोनों कैजुअल्स में काफी कूल लग रहे थे। हालांकि आलिया और रणबीर कहां घूमने जा रहे हैं, इस बात को खुलासा नहीं हो पाया है, लेकिन फैंस उम्मीद जता रहे हैं कि दोनों अपने बेबीमून पर कहीं बाहर घूमने जा रहे हैं। बता दें कि कुछ दिन पहले खबर आई थी कि दोनों रणबीर कपूर की फिल्म शमशेरा की रिलीज के बाद लंबी छुट्टियों पर जा सकते हैं। बता दें कि बीते शनिवार को रणबीर और आलिया को अपनी फिल्म 'ब्रह्मास्त्र पार्ट वनः शिवा' के दूसरे गाने 'देवा देवा' के खास प्रिव्यू के मौके पर देखा गया था। इस दौरान रणबीर कपूर काले रंग के आउटफिट में तो वहीं आलिया भट्ट ब्राउन कलर की शॉर्ट ड्रेस में बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आई थीं। इस दौरान रणबीर कपूर ने आलिया के साथ अपने अफेयर और दोनों के माता-पिता बनने की ओर अग्रसर कदम तक के बारे में विस्तार से बात की। बता दें कि इसी साल ब्रह्मास्त्र की शूटिंग के दौरान आलिया भट्ट के साथ रिलेशनशिप में आए रणबीर कपूर ने इसी साल अप्रैल में शादी कर ली थी। दोनों की शादी बहुत जल्दबाजी में हुई थी। इसके बाद आलिया ने अपने मां बनने की पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा करते हुए फैंस के बीच खलबली मचा दी थी। वर्कफ्रंट की बात करें इन दिनों आलिया भट्ट और रणबीर कपूर आने वाली फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' के प्रमोशन में व्यस्त हैं।




# 'अतरंगी यारी' से 'ये दोस्ती हम नहीं..' तक, बॉलीवुड के इन गानों के साथ मनाए दोस्ती का जशन

**नई दिल्ली।** आज फ्रेंडशिप डे है। एक ऐसा दिन, जिस दिन हम अपने दोस्तों को याद करते हैं। इस खास दिन पर अपने दोस्तों के साथ बॉलीवुड के दोस्ती पर बनाए गए इन बेहतरीन गानों को सुने। जिंदगी में एक फ्रेंड कितना जरूरी होता है, इसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। लेकिन आज के दिन सभी अपने दोस्तों को एहसास दिलाने की कोशिश करते हैं कि वो उनके लिए कितने मायने रखते हैं। क्योंकि आज फ्रेंडशिप डे है, यानी दोस्ती-यारी का दिन। बॉलीवुड में भी दोस्ती पर बहुत सी फिल्में और गाने बनाए गए हैं। ऐसे में आज हम आपको बॉलीवुड के कुछ ऐसे गाने बातने जा रहे हैं, जिनमें दोस्ती को खास अंदाज में दिखाया गया है। तो चलिए नजर डालते हैं इन बेहतरीन गानों ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे दोस्ती पर गाने का बात हो तो सबसे पहले ख्याल इसी गाने का आता है। 'शोले' फिल्म के इस गाने को अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र पर फिल्माया गया है। वहीं, इसे किशोर कुमार और मुनन डे ने अपनी आवाज दी है।'ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे' के बाद ये एक ऐसा गाना है जो काफी लोकप्रिय हुआ है। स्कूल का फेयरवेल हो या कॉलेज का, कोई भी फंक्शन इस गाने के बिना अधूरा ही है। इस गाने को दिवंगत सिंगर केके ने गाया था। फिल्म 'याराना' का गाना 'तेरे जैसा यार कहां, कहां ऐसा याराना' अमिताभ बच्चन और अमजद खान पर फिल्माया गया है। इस फिल्म में ही नहीं दोनों असल जिंदगी में भी गहरे दोस्त हैं। फिल्म 'जंजीर' के इस गाने को मनन डे ने गाया है। यह गाना बेहद खूबसूरती से लिखा गया है, जिसे आज भी बेहद पसंद किया जाता था। फिल्म 'वजीर' का यह गाना भी काफी प्यारा है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और फरहान अख्तर मुख्य भूमिका में थे






और उन्होंने ही इस गाने को गाया है। यह 1964 में आई फिल्म 'दोस्ती' का 'मेरी दोस्ती, मेरा प्यार' गाना है। इस गाने को मोहम्मद रफी ने गाया है, जो आज भी लोगों को बेहद पसंद है। 1987 में आई 'खुदगर्ज' फिल्म के इस गाने को नितिन मुकेश और मोहम्मद अजीज ने अपनी आवाज दी है। वहीं, इसे जितेंद्र और शत्रुघन सिन्हा पर फिल्माया गया है सोनू के टीटू की स्वीटी' के इस गाने को अरिजीत सिंह ने आवाज दी है और इसे कार्तिक आर्यन और सनी सिंह पर फिल्माया है। फिल्म दोस्ती के इस गाने को अक्षय कुमार और बॉबी देओल पर फिल्माया गया है। वहीं, इसे उदित नारायण और सोनू निगम ने आवाज दी है। कॉकटेल फिल्म के इस गाने में सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण और डायना पेंटी नजर आए हैं। वहीं, गाने को बेनी दयाल और शाल्मली खोलगडे ने गाया है।

# दोस्ती की अहमियत समझाती हैं बॉलीवुड ये फिल्में, फ्रेंडशिप डे पर जरूर देखें ये मूवीज


**नई दिल्ली।** फ्रेंडशिप डे यानी दोस्ती का दिन। दोस्ती के इस खास दिन को हर साल अगस्त के पहले रविवार को मनाया जाता है। हिंदी सिनेमा भी दोस्ती के इस रिश्ते से अछूता




नहीं है। अब तक बॉलीवुड में कई ऐसी फिल्में बन चुकी हैं जिसमें दोस्ती की मिसाल देखने को मिलती है। आज हम आपको ऐसी ही कुछ फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं जिसमें सच्चे दोस्तों की कहानी दिखाई गई है और बॉक्स ऑफिस पर इन्हें अच्छा रिस्पॉन्स भी मिला है। साल 2001 में बनी फिल्म दिल चाहता है फ्रेंडशिप पर बनी सबसे अच्छी फिल्मों में से एक मानी जाती है। इस फिल्म में आमिर खान, सैफ अली खान और अक्षय खनन नजर आए थे। फिल्म में तीन दोस्तों की कहानी को बहुत ही खूबसूरत ढंग से दिखाया गया था जिसे लोगों ने भी काफी पसंद किया था। राजकुमार हिरानी की यह हिंदी सिनेमा की सबसे बेहतरीन फिल्मों में से है। फिल्म में आमिर खान, शरमन जोशी और आर माधवन नजर आए थे। फिल्म की कहानी तीन युवकों की है जिनकी मुलाकात इंजीनियरिंग कॉलेज में होती है और बाद में तीनों की काफी गहरी दोस्ती हो जाती है। साल 2009 में रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 202 करोड़ का बिजनेस किया था। फिल्म 'जिंदगी न मिलेगी दोबारा' तीन दोस्तों ऋतिक रोशन, फरहान अख्तर और अभय देओल की इर्द गिर्द घूमती है। फिल्म में वह अपनी लाइफ को एंजॉय करने के लिए छुट्टी मनाने स्पेन जाते हैं जहां उनका जिंदगी के प्रति नजरिया बदल जाता है। फिल्म का निर्देशन जोया अख्तर ने किया था। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म सुपरहिट साबित हुई थी। इसके साथ ही इसने दो राष्ट्रीय पुरस्कार और सात फिल्मफेयर अवॉर्ड अपने नाम किए थे। फिल्म छिछोरे को थ्री इडियट्स सरीखी फिल्म कहा जा सकता है। इस फिल्म की कहानी भी इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ने वाले दोस्तों पर बुनी गई है। यह फिल्म लोगों को काफी पसंद आई थी। फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत लीड रोल में नजर आए थे। बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। इस फिल्म में 153 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस किया था।

# जुग जुग जियो' की सक्सेस पार्टी में पहुंची कियारा हुई ट्रोल

**नई दिल्ली।**लुक देख लोग बोले- दीदी पैंट तो...बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी इंडस्ट्री की खूबसूरत अभिनेत्रियों में से हैं। कम समय में ही दर्शकों के बीच लोकप्रिय हो चुकीं कियारा इन दिनों अपनी फिल्मों की सफलता का जशन मना रही है। भूल भुलैया 2 और फिर जुग जुग जियो को मिली प्रतिक्रिया के बाद से ही एक्ट्रेस बेहद खुश हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अपनी फिल्म की एक सक्सेस पार्टी हिस्सा लेने पहुंची थीं। हालांकि, पार्टी में पहुंचीं एक्ट्रेस को इस दौरान ट्रोलिंग का शिकारी होना पड़ा। आइए जानते हैं ऐसा क्या हुई नेटिजन्स एक्ट्रेस को ट्रोल करने लगे। दरअसल, फिल्ममेकर करण जौहर ने हाल ही में

अपने घर पर जुग जुग जियो की एक सक्सेस पार्टी होस्ट की। इस पार्टी में फिल्म से जुड़े कई कलाकार शामिल हुए। इस दौरान फिल्म में मुख्य किरदार में नजर आई अभिनेत्री कियार आडवाणी भी पार्टी में शिरकत करने पहुंचीं। हालांकि, पार्टी के लिए एक्ट्रेस ने जो लुक चुना उसकी वजह से उन्हें सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल होना पड़ा। इस दौरान एक्ट्रेस बेहद खूबसूरत लग रही थीं, लेकिन उनकी ये स्टाइलिंग लोगों को हजम नहीं हो पाई। अपनी फिल्म की सक्सेस पार्टी में कियारा सफेद रंग की शॉर्ट ड्रेस पहने नजर आईं। इसके साथ ही उन्होंने अपनी इस ड्रेस को ऊपर ग्रीन पेस्टल रंग का ओवरसाइज्ड ब्लेजर भी कैरी किया था। इसके अलावा न्यूड ग्लोइंग मेकअप और बन में कियारा बेहद गॉजियस लग रही थीं। हालांकि,सोशल मीडिया यूजर को उनका यह लुक कुछ अधूरा सा लगा। लोगों के मुताबिक एक्ट्रेस अपनी ड्रेस के नीचे पैंट पहनना भूल गईं, जिसके बाद सभी ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा
श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि.
1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं एम2ए/25एडीए कालोनी नैनी प्रयागराज 211008 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादकः-डा. दीपक अरोरा
मो0न0 09415608783
RNI No. UPHIN/2012/41154
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।